

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 13 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-015 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## शराब तस्करों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

### टीआई समेत कई पुलिसकर्मी गंभीर

**महासमुंद,13 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचरी में शराब बेचने के मामले के फरार आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में सांकरा थाना प्रभारी (टीआई) उत्तम तिवारी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।टीआई उत्तम तिवारी ने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत पटेवा थाने में दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार, 11 अप्रैल को वरिष्ठ अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर सांकरा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी आरक्षक अभिषेक राज दीपक के साथ आबकारी एक्ट के अपराध क्रमांक 37/2026 के फरार आरोपी विजय मार्कंडेय और विनोद मार्कंडेय को गिरफ्तार करने ग्राम पचरी पहुंचे थे। शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। जैसे ही आरोपियों को शासकीय वाहन में बैठाने का प्रयास किया गया, दोनों आरोपियों ने गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया। वे पुलिस टीम से गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। इसके बाद उन्होंने अपने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को पुलिस पर हमला करने के लिए उकसाया। आरोपियों के उकसावे में आकर उनके परिवार के सदस्य- बहन हेमा, पिता छगन, चाचा गुलशन, दादी लीलाबाई, दादा गजेंद्र, पत्नी ज्योति, रिश्तेदार लक्की मार्कंडेय समेत अन्य लोगों ने पुलिस टीम पर लाठी-डंडों, छड़ और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में टीआई उत्तम तिवारी के सिर, गले और सीने में चोटें आईं। वहीं प्रधान आरक्षक अशवंत मन्नाडे सहित कई महिला आरक्षकों और अन्य जवानों को भी गंभीर चोटें लगीं जब पुलिस टीम आरोपियों को लेकर वापस लौट रही थी, तब भी आरोपियों के परिजनों ने लगातार ईंट-पत्थर फेंके। इस दौरान आरोपी की बहन हेमा पुलिस वाहन के सामने सड़क पर लेट गई। इसी बीच पत्थर लगने से हेमा भी घायल हो गई। साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग वाहन (CG 03-6100) का पीछे का कांच टूट गया। घटना के बाद पुलिस टीम आरोपियों को लेकर सुरक्षित पटेवा थाना पहुंची। रिपोर्ट के आधार पर विजय मार्कंडेय, विनोद मार्कंडेय और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया गया है।




## छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में पूरी होगी जनगणना

### प्रदेशभर में 62,500 अधिकारी-कर्मचारियों की होगी तैनाती, पूछे जाएंगे 33 सवाल



**रायपुर,13 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में आगामी जनगणना को लेकर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ और छत्तीसगढ़ जनगणना कार्य निदेशक कार्तिकेय गोयल ने पत्रकार वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। मनोज कुमार पिंगुआ ने बताया कि राज्य में जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहला चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का होगा, जो 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना के रूप में आयोजित किया जाएगा।

बता दें कि इस बार देश में पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जाएगी। नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने का विकल्प भी मिलेगा। इसके लिए 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके बाद प्रत्येक व्यक्ति को SE ID जनरेट की जाएगी। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे।

**जनगणना में सर्वे के दौरान पूछे जाएंगे ये 33 सवाल**-गौरतलब है कि जनगणना के पहले चरण के दौरान घर-घर सर्वे कर लगभग 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, सुविधाएं और परिवार से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। यह पूरी प्रक्रिया मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप में संपन्न की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना कार्य जनगणना अधिनियम 1948 के तहत किया जाएगा और सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी। किसी भी कानूनी या जांच प्रक्रिया में इन आंकड़ों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

**गलत जानकारी देने पर हो सकती है कार्रवाई, 1,000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान**-इन सभी सवालों की सही जानकारी देना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति गलत सूचना देता है या जनगणना कार्य में सहयोग नहीं करता है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत ऐसे मामलों में 1,000 रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए।

**प्रदेशभर में 62,500 अधिकारी-कर्मचारियों की होगी तैनाती**-प्रदेश में जनगणना के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। लगभग 62,500 अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, जिनमें 47 जिला जनगणना अधिकारी, 250 जिला स्तरीय अधिकारी, 472 चार्ज अधिकारी, 1,160 मास्टर ट्रेनर, 51,300 प्रगणक और 9,000 पर्यवेक्षक शामिल हैं। राज्य के 33 जिलों, 195 नगरीय निकायों और 252 तहसीलों के साथ-साथ लगभग 19,978 गांवों में सर्वे कार्य किया जाएगा। इसके लिए करीब 49,000 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। जनगणना से जुड़े सवालों के लिए 16 अप्रैल 2026 से टोल फ्री नंबर 1855 भी जारी किया जाएगा।

**प्रवासियों की गणना को लेकर स्थिति स्पष्ट, मूल निवास के आधार पर होगी जनगणना**-यदि कोई व्यक्ति मध्य प्रदेश का निवासी है और वह वर्तमान में छत्तीसगढ़ में नौकरी कर रहा है, तो उसकी जनगणना उसके मूल निवास अर्थात मध्य प्रदेश में ही की जाएगी। इसके लिए उसे इधर-उधर भटकने या किसी अन्य स्थान पर गणना करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। जनगणना के दौरान नियमों के अनुसार व्यक्ति की गणना उसके स्थायी/मूल निवास के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी।

#### मकान से जुड़े सवाल

- भवन नंबर
- जनगणना मकान नंबर
- फर्श किस चीज का बना है
- दीवार किस चीज की बनी है
- छत किस चीज की बनी है
- मकान का उपयोग (रहने, दुकान आदि)
- मकान की हालत कैसी है

#### परिवार से जुड़े सवाल

- घर का नंबर (परिवार के लिए)
- कुल कितने लोग रहते हैं
- परिवार के मुखिया का नाम
- मुखिया का लिंग (पुरुष/महिला/थर्ड जेंडर)
- मुखिया किस वर्ग से है (SC/ST/अन्य)
- मकान अपना है या किराए का
- परिवार के पास रहने के लिए कमरों की संख्या
- कितने शादीशुदा जोड़े हैं

#### सुविधा से जुड़े सवाल

- पीने का पानी कहां से आता है
- पानी की सुविधा घर में है या बाहर
- बिजली/रोशनी का मुख्य साधन
- शौचालय है या नहीं
- शौचालय का प्रकार
- गंदे पानी की निकासी कैसे होती है
- नहाने की जगह है या नहीं
- रसोई है या नहीं, LPG/PNG है या नहीं
- खाना पकाने का मुख्य ईंधन

#### डिजिटल और सामान से जुड़े सवाल

- रेडियो/ट्रांजिस्टर है या नहीं
- टीवी है या नहीं
- इंटरनेट सुविधा है या नहीं
- लैपटॉप/कंप्यूटर है या नहीं
- मोबाइल/फोन है या नहीं

#### वाहन और अन्य जानकारी

- साइकिल/स्कूटर/बाइक है या नहीं
- कार/जीप/वैन है या नहीं
- परिवार कौन सा अनाज ज्यादा खाता है
- मोबाइल नंबर (सिर्फ जनगणना के लिए)

## बोलेरो खाई में गिरी, चालक की मौत, एक गंभीर घायल

**बलरामपुर,13 अप्रैल।** जिले के कुसमी विकासखंड स्थित जामटोली घाट में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन (क्रमांक CG 04 HA 4528) जामटोली घाट के मोड़ से गुजर रहा था, तभी चालक प्रीतम नगेसिया ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। इसके बाद गाड़ी सीधे गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने गंभीर रूप से घायल पुरान नगेसिया को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## टेंट कारोबारी की हत्या कर खेत में गाड़ा शव

**कोंडागांव,13 अप्रैल।** यहां एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां लापता टेंट व्यवसायी सुरेश चौहान की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने उनकी लाश को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे एक खेत से बरामद किया है, जिसे हत्या के बाद जमीन में दबा दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश चौहान शनिवार, 11 अप्रैल से लापता थे।53 वर्षीय सुरेश चौहान 'शिरोमणि डेकोरेट टेंट' के संचालक थे।पुलिस को कारोबारी का शव अर्धनग्न अवस्था में मिट्टी के नीचे दबा हुआ मिला। पुलिस ने इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए शहर के लगभग 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान पुलिस को विकास नगर ग्राउंड में कारोबारी की खून से सनी बाइक बरामद हुई।सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस हत्या के पीछे लूटपाट, प्रेम प्रसंग और जुआ-सट्टा जैसे विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक के पास सोने की चेन और अंगूठी भी थी, जो गायब हो सकती है। सुरेश चौहान को हाल ही में दंतेवाड़ा में एक बड़ा टेंट ऑर्डर मिला था और वे वहां जाने की तैयारी में थे। उनकी मौत से परिवार में मातम है और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बस-ट्रक भिड़ंत में कई घायल

**कांकेर,13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में सोमवार को नेशनल हाईवे-30 पर ऐसा हादसा हुआ कि हर कोई दहल गया। रायपुर से जगदलपुर जा रही यात्री बस और सामने से आ रहे ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियां सड़क छोड़कर एक ही पेड़ से जा भिड़ीं। घटना केशकाल थाना क्षेत्र के मूरवेंड के पास की है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकाला। कई यात्रियों को गंभीर हालत में कांकेर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,

## होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह ब्लॉक करने यूएस का आदेश

**वाशिंगटन,13 अप्रैल।** यूनाइटेड स्टेट सेंट्रल कमांड ने ऐलान किया है कि 13 अप्रैल (सोमवार) सुबह 10 बजे से ईरान के बंदरगाहों पर नाकेबंदी शुरू होगी. CENTCOM के मुताबिक, ये नियम हर देश के जहाजों पर बराबर लागू होगा. जो भी जहाज ईरानी पोर्ट्स या तटीय इलाकों में आएंगे या जाएंगे, उन पर यह पाबंदी लागू रहेगी. सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करके बताया कि ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों पर नाकेबंदी लागू की जाएगी. यह फैसला राष्ट्रपति के ऐलान के मुताबिक लिया गया है. ट्रंप की घोषणा से रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण इस जलमार्ग पर तनाव बढ़ गया है। वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख मार्ग होर्मुज स्ट्रेट पर फिलहाल ईरान का नियंत्रण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद किया जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी नेवी को होर्मुज से जहाजों की आवाजाही को तत्काल रोकने आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में यातायत की पूरी तरह से नाकेबंदी की जाएगी। ट्रंप का यह आदेश इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान की सीजफायर समझौते पर बातचीत फेल होने के बाद आई है।

CENTCOM ने साफ किया कि Strait of Hormuz से गैर-ईरानी बंदरगाहों के लिए आने-जाने वाले जहाजों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं होगी. साथ ही व्यापारिक जहाजों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक 'नोटिस टू मेरिनर्स' (आधिकारिक सूचना या अलर्ट) पर नजर रखें और Gulf of Oman व होर्मुज स्ट्रेट के पास काम करते समय चैनल 16 पर अमेरिकी नौसेना से संपर्क में रहें. डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार शाम को कहा है कि अमेरिकी नेवी तत्काल प्रभाव से अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उससे बाहर निकलने की कोशिश करने वाले जहाजों की नाकेबंदी शुरू करेगी।

## मुठभेड़ में महिला माओवादी कमांडर रूपी ढेर

**कांकेर,13 अप्रैल।** नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी कमांडर के मारे जाने की खबर सामने आई है। यह मुठभेड़ छोटेबेठिया–परतापुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगलों में हुई, जहां पिछले कुछ समय से माओवादियों की सक्रियता की सूचना मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के अनुसार, माचपल्ली–आरामझोरा–हिडूर क्षेत्र के घने जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता आसूचना मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान माचपल्ली इलाके में जवानों और माओवादियों के बीच आमना-सामना हो गया, जो जल्द ही मुठभेड़ में बदल गया। मुठभेड़ के बाद जब क्षेत्र में सर्चिंग की गई, तो सुरक्षा बलों को एक महिला माओवादी का शव बरामद हुआ। बाद में उसकी पहचान एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) स्तर की महिला माओवादी कमांडर रूपी के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार, रूपी लंबे समय से बस्तर संभाग में सक्रिय थी और संगठन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि मारी गई माओवादी कमांडर रूपी, डीकेएसजेडसी (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी) के सदस्य विजय रेड्डी की पत्नी थी। विजय रेड्डी का भी वर्ष 2025 में मानपुर-मोहला क्षेत्र में एक मुठभेड़ के बाद शव बरामद किया गया था। इस प्रकार, यह घटना माओवादी संगठन के लिए एक और बड़ा झटका मानी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, रूपी बस्तर क्षेत्र में सक्रिय अंतिम तेलुगू माओवादी कैडर मानी जा रही थी। उसकी मौत के बाद क्षेत्र में तेलुगू माओवादी नेटवर्क को बड़ा नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां इसे नक्सल अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देख रही हैं।



मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान जवानों ने मृत माओवादी के पास से एक पिस्टल, भारी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री भी बरामद की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि माओवादी इलाके में सक्रिय रूप से अपनी उपस्थिति बनाए हुए थे और किसी बड़ी साजिश की तैयारी में हो सकते थे। घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा आसपास के जंगलों में सघन सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि अन्य छिपे हुए माओवादियों का पता लगाया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को समय रहते निष्क्रिय किया जा सके।

इस बीच, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने इस मुठभेड़ को सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा माओवादी कैडरों को लगातार आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर दिया जा रहा है।

## ट्रक ने बहुचराजी माता मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

**अहमदाबाद,13 अप्रैल।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में भीषण हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे चल रहे कुछ लोगों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। लखतर पुलिस के अनुसार, यह घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई, जब तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप राजकोट के एक मंदिर से पूजा-अर्चना करने के लिए एक जुलूस के रूप में पैदल जा रहा था। गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार देर रात लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि तीर्थयात्री पैदल चल रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। वे बहुचराजी स्थित एक मंदिर में पूजा करने के लिए पैदल निकले थे, तभी पीछे से पूरी रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं।

एक श्रद्धालु के अनुसार, राजकोट के दत्ता गांव से दर्शन करने के बाद हम लोग राजबाई मानी का झंडा फहराने के लिए विरामगाम जा रहे थे। सभी लोग सड़क किनारे चल रहे थे। तभी लखतर-विरामगाम हाईवे पर फुल स्पीड में आ रहे एक ट्रक ने पीछे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सार बातें** | **फीफा विश्वकप:2026, 11 जून से 19 जुलाई 2026 तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में**

## क्या हम कभी विश्व कप के लिए कर पाएंगे योग्यता हासिल ?

**✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

संसार के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल के विश्वकप का पहला आयोजन 1930 में हुआ। इस स्पर्धा को फीफा याने फ्रांसिसी भाषा में फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा 23वीं बार आयोजित की जा रही है। द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण 1942 और 1946 में इस प्रतियोगिता को स्थगित रखा गया था। क्रिकेट में आईपीएल और अमेरिका, इजरायल विरूद्ध ईरान के बीच चल रही युद्ध की वजह से विश्वकप फुटबाल 2026के आयोजन की जानकारी मीडिया द्वारा कम से कम मिल पा रही है।

विश्वकप फुटबाल चैंपियनशिप 1930 से लेकर अब तक कई दौर से गुजरी है। उरूग्व में खेले गये 1930 के पहले विश्वकप में 13 टीमों ने भाग लिया। 1934 से 1978 तक विश्व के 16 टीम,1982 से 1994 तक 24 टीम इसी तरह 1998 से 2022 तक 32 टीम, 1982 से 1994 तक 24 टीम, इसी तरह 1998 से 2022 तक 32 टीम और अब 2026 से 48 टीमों ने मुख्य ड्रा के लिए योग्यता हासिल कर लिया है। 2026 के टूर्नामेंट में चार टीम के 12 ग्रुप बनाये गये हैं। इसमें से सभी ग्रुप से प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाली टीम और ग्रुप में तीसरा स्थान रखने वाली सर्वश्रेष्ठ आठ टीम नॉक आउट दौर में प्रवेश करेगीको रखा गया है। इस तरह नाक आऊट राऊंड में 32 टीम पहुंचेगी। अब स्पर्धा 32 दिनों की अपेक्षा 39 दिवस में समाप्त होगी। विश्वकप फुटबाल 2026 में 64 की जगह 104 मैच खेले जायेंगे। तीन देशों में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें से संयुक्त राज्य अमेरिका में ,कनाडा में, मैक्सिको में मैच खेले जायेंगे। 13 जून 2018 को मास्को में संपन्न 68 वें फीफा कांग्रेस की

बैठक में हुए मतदान के द्वारा संयुक्त राज्य, कनाडा, मैक्सिको को कुल उपस्थित 203 सदस्यों में से 134 मत मिले जबकि मोरोक्को को 65 मत मिले इस प्रकार 2026 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन की समस्या कर हल निकल आया। इसमें तीन टीम मेजबान यूरोप से 16 टीम,अफ्रीका से 10, एशिया से 09, दक्षिण अमेरिका से 06.उत्तर मध्य अमेरिका तथा केरेबियन से 03 तथा ओशिआनिया से 01 टीम का चयन हुआ है। 23 वें फीफा विश्वकप के लिए योग्यता पाये हुए 48 देशों में भारत का नाम नहीं होना बेहद निराशाजनक है। भारतीय फुटबाल टीम ने विश्वकप के लिए सिर्फ एक बार 1950 में योग्यता हासिल की थी जिसमें में किसी कारणवश वह भाग लेने में असफल हुई हालांकि एक समय भारतीय फुटबॉल टीम दुनिया की प्रमुख टीम मानी जाती थी वह समय था जब भारतीय फुटबाल टीम 1956 के मेलबोर्न ओलंपिक खेलों में सेमीफायनल तक पहुंचकर चौथे स्थान पर रही थी। इसके अलावा 1962 में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक तथा 1970 में कांस्य पदक जीता था।1970 के बाद भारतीय फुटबाल टीम में काफी गिरावट आई यह एक गंभीर चिंता का विषय है। 1890 के बाद से 1990 तक एक अवधि थी जब भारत के गांव- गांव में फुटबाल खेला जाता था क्योंकि इस खेल में कोई ज्यादा खर्च नहीं था। एक गेंद, चार पोल और अधिकतम 100X120 फुट का समतल मैदान गांव- गांव में मिल जाता था। भारत में फुटबाल की लोकप्रियता में कमी के लिए खेल प्रशासकों और खेल संघ के पदाधिकारियों को दोषी जरूर ठहराया जाता है परंतु समाज में इस खेल को लेकर आई उदासीनता भी बहुत बड़ा कारण है।फरवरी 1996 में भारत को विश्व में सबसे अच्छी 94वीं रेंकिंग प्राप्त थी परंतु आज अप्रैल 2026 में उसकी 136 वीं रेंकिंग है। वैसे मार्च 2015 में भारत की रेंकिंग 173 वीं थी जो अब तक सबसे खराब प्रदर्शन रहा। फुटबाल को भारत में पुनः स्थापित करने के लिए सबसे पहले अभिभावकों और बच्चों, किशोरों में इस खेल के प्रति लगाव बढ़ाना होगा। शाला में अध्ययन के साथ- साथ फुटबाल टीम का चयन करके उनके बीच मुकाबला करवाना होगा। इसके अलावा जिस तरह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और यूरोप महाद्वीप में फुटबाल क्लब का गठन करके उन्हें उचित सुविधा दी जाती है वैसे ही मदद, मार्गदर्शन दिलाना होगा। फुटबाल के क्लबों के बीच साल भर प्रतियोगिता का आयोजन करके फुटबाल की लोकप्रियता पुनःबढ़ाई जा सकती है। विश्वकप के कुछ प्रमुख मैच तथा क्वार्टर फायनल से फायनल तक के मैच को विभिन्न शहरों में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर बड़े स्क्रीन पर दिखाना चाहिए साथ ही साथ यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत के प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में विश्वकप के मुकाबले को ग्रामवासियों को दिखाया जाना चाहिए। फिर खिलाड़ियों का चयन निष्पक्ष हो उन्हें उचित प्रशिक्षण मिले तो फुटबॉल में विश्व स्तर पर भारत के सुनहरे दिन आने से कोई नहीं रोक सकता .

## वैन और सीमेंट मिक्सर गाड़ी की टक्कर, 11 लोगों की दर्दनाक मौत

**मुंबई,13 अप्रैल।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार वैन और सीमेंट मिक्सर गाड़ी की टक्कर होने से 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे मुरबाड के गोविली गांव में रैता पुल पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर से वैन की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर की भयावहता इतनी अधिक थी कि वैन में सवार 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की ओर से दुर्घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। हादसे के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस उसे भी खुलवाने की कोशिश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बचाव दल और चिकित्सा टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल ले जाने और शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## बहुप्रतीक्षित सुतियापाट जलाशय परियोजना का विधायक भावना बोहरा ने किया भूमिपूजन

# क्षेत्र के 17 गाँवों के किसानों को मिलेगा लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 अप्रैल।** किसानों की सुविधा के लिए संवेदनशील पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से क्षेत्र के किसानों को एक और बड़ी सौगात मिली है। सुतियापाट जलाशय परियोजना के आज भूमिपूजन से विधानसभा क्षेत्र के 17 गाँव के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई और उनके खेतों तक सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए इस परियोजना को लेकर किसानों और क्षेत्रवासियों में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार रुपए की लागत से सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों के निर्माण कार्य से पंडरिया विधानसभा के 17 गाँव जिसमें ग्राम बाजगुड़ा, खैरबना, दैहानडीह, पटपर, डोंगरिया, जमुनिया, रणजीतपुर, रणवीरपुर, सिंगारपुर, नवघटा, बीरेंद्रनगर, सुकतरा, रेंगाटोला, सिंघनगढ़, डुमरिया, दलसाटोला एवं नवापारा सहित आस-पास के हजारों गाँव के किसानों और 2916 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। भूमिपूजन के अवसर पर हजारों की संख्या में लाभान्वित ग्राम व आस-पास के किसानों ने समारोह में पहुंचकर विधायक भावना बोहरा एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि वर्ष 2020 व उससे पहले तक, हमने इस नहर के लिए लगातार संघर्ष किया है। रणवीरपुर से सहसपुर तक हमने ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और पैदल यात्रा की जिसमें क्षेत्र के किसान भाई-बहन और किसान संघ भी इस आंदोलन में मजबूती से साथ खड़ा रहा।

आज उसी मेहनत, समर्पण और संघर्ष का परिणाम है कि सुतियापाठ, बड़ौदा, पड़कीपार, बाकेला, रेंगाबोड़ और अगर जैसे क्षेत्रों में 300 करोड़ रुपए से अधिक की सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति मिली है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद इन योजनाओं को गति मिली और आज सभी जगह काम प्रारंभ हो चुका है। मेरे राजनीतिक जीवन में सुतियापाठ का यह संघर्ष इसलिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि मैंने यहीं से अपने पहले राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत की थी। मुझे गर्व है कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से हम इस कार्य को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। इस परियोजना से क्षेत्र के हजारों किसान भाई-बहनों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करती हूँ। यह परियोजना केवल सिंचाई सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसान सशक्तिकरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विस्तार, रोज़गार सृजन एवं पंडरिया विधानसभा के समग्र विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है। लंबे समय से लंबित सिंचाई समस्या का समाधान कर यह योजना क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आगे कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधा के विस्तार और किसानों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति पर हैं जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को उसका लाभ मिलेगा।

भावना बोहरा ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से पंडरिया विधानसभा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, जिला व जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




## समाचार संक्षेप

### उतई की जघन्य घटना के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 अप्रैल।** उतई थाना क्षेत्र अंतर्गत पाँच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य एवं शर्मनाक घटना तथा प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आज दिनांक 12 अप्रैल 2026 को उतई के मिनी माता चौक में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के तत्वावधान में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। प्रशासन द्वारा संभावित स्थिति को देखते हुए पहले से ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, बावजूद इसके कांग्रेसजन अपने विरोध प्रदर्शन में सफल रहे और पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के प्रति अपना तीखा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि उतई सहित पूरे क्षेत्र में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही दोषियों की गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा नहीं दी गई और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस की सदस्याएं, युवा कांग्रेस के साथी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अन्याय के खिलाफअपनी आवाज बुलंद करते हुए पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

### नगर कांग्रेस कमेटी उतई की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 अप्रैल।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नगर कांग्रेस कमेटी उतई में बैठक संपन्न हुई नगर के प्रत्येक बूथ में कांग्रेस पार्टी के में 12 सदस्य एवं प्रत्येक वार्ड में 12 सदस्य बनाए जाएंगे सभी वार्डों में अलग-अलग मीटिंग रखकर सदस्यों का चयन किया जाएगा ऐसा निर्णय लिया गया कल दिनांक 12 तारीख से वार्ड मैं जाकर कार्यकर्ता का नाम जोड़ा जाएगा बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम पार्षद द्वारका साहू रमशिला नेताम पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा सुरता सिंह पूर्व वेल्डरमैन प्रेम नारायण साहू कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता धनंजय नेताम मुकेश साहू टीकम डोनडे शुभम बमभोले गौरव शर्मा आशीष रावत मनिहार कुर्रे पुरेंद्र चंद्राकर महिला कार्यकर्ताएं सुनीति साहू उसलेखा साहू सरोज ठाकुर हुलसी वर्मा कांति साहू कुंवर बाई साहू रावत क्रांति साहू सुलभ साहू अंजनी साहू गायत्री विश्वकर्मा दुलारी ठाकुर तारिणी साहू अन्नपूर्णा साहू विश्वकर्मा तारिणी साहू एवं देव तुल्य महिला पुरुष एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान में लोगों से भेंट कर संवाद किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 मई।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा ही संगठन के तहत 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा पाटन मंडल के ग्राम सेलूद में 12/04/2026 रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा पदाधिकारी गन घर - घर पहुंचकर देश एवं राज्य के योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका सम्मान किया गया द्य इस दरम्यान कबीर आश्रम सेलूद के महंत सुकृत दास शास्त्री से मुलाकात कर जल्द स्वस्थ्य की कामना किया गया द्य इस अवसर पर प्रमुख अतिथि नीलम चंद्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग, संतोष सोनी, कार्यक्रम प्रभारी पाटन मंडल रानी बंछोर मंडल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार साहू महामंत्री एवं टोली प्रमुख, खेमीन साहू मंत्री पाटन मंडल, कुणाल वर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, राजेश चंद्राकर, केशव बंछोर, खेमलाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर शक्ति केंद्र संयोजक, उमेश देवांगन सह संयोजक, टामन साहू अध्यक्ष सहकारी समिति, रमेश देवांगन, हर प्रसाद आडिल, अशोक यादव, उमेश सिन्हा, जयंत साहू बूथ अध्यक्ष, अनुपमा देवांगन पंच, सुनीता ठाकुर पंच, डिलेश्वरी देवांगन, भुनेश्वरी साहू, लक्ष्मण वर्मा, रितेश देवांगन, सीताराम यादव सहित स्थानीय भाजपा सेलूद के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### जनगणना 2027, प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ

**दुर्ग, 13 अप्रैल।** जिले में जनगणना 2027, प्रथम चरण हेतु अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 11 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण तहसीलवार विभिन्न स्थानों पर मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने बीआईटी के बी-ब्लॉक कमरा नंबर 303, 304, 312 में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण/अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान बतायी जा रही जानकारी पर विशेष ध्यान देने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के हर पहलू को गंभीरता से लिया जाए ताकि गणना के दौरान किसी प्रकार की चूक न हो। कोई भी गणना से वंचित न होने पाए। अधिकारी-कर्मचारियों का यह प्रशिक्षण 50-50 के बैच में तीन कमरों में 11, 12, 13, 15, 16, 17, 20, 21, 22 अप्रैल को सुबह 9.30 से प्रारंभ होकर संध्या 5.30 तक चलेगा। इस अवसर पर अनुविभागीय जनगणना अधिकारी हरवंश सिंह मिरी, जनगणना जिला प्रभारी अधिकारी उत्तम ध्रुव एवं तहसील दुर्ग ग्रामीण के चार्ज जनगणना अधिकारी तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ पंचायत परिषद कवर्धा अध्यक्ष बने प्रताप चंद्रवंशी



**कवर्धा, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्किट हाउस जिला कबीरधाम में जिला संयोजक सुषमा गणपत बघेल के नेतृत्व में सर्किट हाउस में बैठक रखी गई थी जिसमें प्रमुख रूप से रायपुर से छत्तीसगढ़ पंचायत परिषद घनश्याम प्रसाद यादव प्रदेश संयोजक एवं प्रभारी की उपस्थिति साथ में प्रदेश महासचिव भगवती मिराज एवं प्रदेश मंत्री अभिषेक खांडेकर की उपस्थिति में बैठक रखी गई थी जिसमें जिला संयोजक सुषमा गणपत बघेल के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रताप चंद्रवंशी को अध्यक्ष का दायित्व दिया गया एवं उनके साथ में लगभग 13 लोगों को पदाधिकारी चिन्ह अंकित किया गया आज इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला एवं समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में सर्किट हाउस में 24 अप्रैल की कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से पारित कर कार्यक्रम को योगदान सहयोग देने की बात कही आगामी कार्यक्रम को लेकर पुनः एक बार कबीरधाम जिले में समस्त जनपद जिला एवं ब्लाक के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक की जाएगी एवं विशाल रूप से हो रहे इस कार्यक्रम की पूर्ण रूप से तैयारी की जाएगी इस पर सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव बनाकर प्रदेश संयोजक घनश्याम प्रसाद को सौपा।

### धारदार हथियार लहरा कर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सार्वजनिक स्थल पर धारदार हथियार लहराकर भय



उत्पन्न करने वाले आरोपी को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया है छावनी प्रभारी अमित अदानी ने बताया कि रविवार को थाना छावनी क्षेत्र अंतर्गत रायपुर रोड स्थित सी-मार्ट के पास एक व्यक्ति ने हाथ में धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डराने एवं भय का वातावरण निर्मित करने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी मयंक साहू उर्फछोटू (19 साल) निवासी दुर्गा पारा को पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है।

### सूने मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अमलेश्वर थाना क्षेत्र के एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात चोरी करने के मामले में चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी को अमलेश्वर थाने पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है अमलेश्वर टीआई बसंत बघेल ने बताया कि प्रार्थी ने थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 25 जनवरी से 29 जनवरी के मध्य अज्ञात आरोपी प्रार्थी के निवास का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पूर्व में प्रकरण में आरोपियों खिलेश दास मानिकपुरी, भुनेश्वर उर्फनानू यादव एवं तुलेश्वर उर्फटिल्लू सोनकर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोना-चांदी, वाहन आदि कुल कीमती 8, 22, 480 रुपए जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था?विवेचना के दौरान पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ करने पर आरोपी तुलेश्वर सोनकर ने चोरी की संपत्ति अपने जीजा गौरीशंकर खुटे को देना बताया गया। तत्पश्चात आरोपी गौरीशंकर खुटे को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके कब्जे एवं निशानदेही से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम बरामद की गई है।

## गांजा बिक्री के मामले में महिला सहित 5 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** भिलाई में घर के आंगन में गांजे का पौधा, ओडिशा से गांजा लाकर खुर्सीपार में स्थानीय स्तर पर सप्लाई के अलावा टोल फ्री नंबर से गांजा की सूचना पर तीन थानों की पुलिस ने तीन महिला समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 5 लाख 75 हजार 8 सौ रुपए का गांजा जब्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर से सूचना मिली कि बालाजी नगर राम मंदिर के पास स्थित एक मकान में ओडिशा से आए व्यक्तियों ने अवैध मादक पदार्थ गांजा लाकर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर पूछताछ एवं तलाशी ली गई तलाशी के दौरान आरोपी नवीन राना (26 साल) निवासी चिंचेड, थाना तूसरा, जिला बलांगीर (ओडिशा), प्रमोद राणा (28 साल) निवासी चिंचेड, थाना तूसरा, जिला बलांगीर (ओडिशा) व दुर्गा अम्मा (65 वर्ष) निवासी बालाजी नगर खुर्सीपार के कब्जे से कुल 9 किलो 500 ग्राम



अवैध मादक पदार्थ गांजा, नगदी रकम 12, 100 रुपए एवं 2 नग मोबाइल जब्त किया गया पूछताछ में? आरोपियों ने ओडिशा से गांजा लाकर स्थानीय स्तर पर विक्रय करना स्वीकार किया।

इस मामले में धारा 20 (बी), 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है? 1.138 किलोग्राम गांजा बरामद पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना के आधार पर थाना छावनी पुलिस ने जी.ई. रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे पावर हाउस क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बिक्री किए जाने की सूचना पर छापा मारा। कार्रवाई के के दौरान एक महिला को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम एन इमला (37 वर्ष) निवासी प्रगति नगर कैम्प-01 बताया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में रखा कुल 1.138 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 55, 800 आंकी गई है।

### आईपीएल सट्टा खेलाते तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 13 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मकान में हाइटेक तरीके से आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का खुलासा कर 9, 810 रुपए एवं 4 मोबाइल बरामद किया है( दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि कंडरापारा में मुखबीर से सूचना मिली कि ऋषभ नगर स्थित एक मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है सूचना पर दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस एवं एसीसीयू टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की मौके पर तीन व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए, जो लोगों से संपर्क कर मैच में हार-जीत पर पैसों का दांव लगवा रहे थे।

पूछताछ में आरोपियों ने सट्टा संचालन करना स्वीकार किया गया इस मामले में धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों विकास जैन (45 साल) निवासी ऋषभ नगर दुर्ग, रौनक ताम्रकार (38 साल) निवासी शिवपारा दुर्ग व प्रवीण ताम्रकार (20 साल) निवासी गवलीपारा दुर्ग को गिरफ्तार किया है।

## हमसफर एक्सप्रेस में अवैध शराब के साथ एसी अटेंडेंट गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में अवैध रूप से शराब ले जाने और यात्रियों को परोसने के आरोप में एसी कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने की।

आरपीएफको मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि हमसफर एक्सप्रेस में तैनात एक कोच अटेंडेंट अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लेकर चल रहा है और उसे यात्रियों को परोस भी रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ टीआई संजीव कुमार सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए आबकारी विभाग से संपर्क किया और संयुक्त टीम का गठन किया गया। इसके बाद ट्रेन के दुर्ग पहुंचने तक निगरानी रखी गई। जैसे ही ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची, टीम ने तुरंत कोच नंबर बी-7 में तैनात एसी अटेंडेंट रीमन दास की पहचान कर उसके सामान की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान उसके बैग से छुपाकर रखी गई विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।




तलाशी में विभिन्न ब्रांड की भारी मात्रा में शराब जब्त की गई, जिनमें 3 फुल बोतल व्हिस्की, 1 फुल बोतल वोडका, 2 क्वार्टर व्हिस्की, 18 कैन बियर। कुल मिलाकर 12.236 बल्क लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4, 140 रु बताई गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह शराब कहां से लाया था और क्या इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है।

आरपीएफटीआई संजीव सिन्हा ने बताया कि ट्रेनों में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि ट्रेनों में अवैध सामान की तस्करी रोकी जा सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन

## समाज को संगठित करना सभी के सहयोग और समर्पण से संभव है:विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** परिक्षेत्र साहू संघ गोढ़ी के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की



अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष, जिला साहू संघ ने की। अति विशिष्ट अतिथियों में सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि, ढाल सिंह साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ अहिवारा, अनुज साहू संरक्षक, तहसील साहू संघ एवं नटवर ताम्रकार पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका अहिवारा शामिल रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में राम कुमार धनकर, उमेश्वर साहू, रामनारायण साहू, अशोक साहू, भूवनेश्वर साहू, महेश्वर साहू, बलराम साहू, लीला साहू, निकलेश साहू, डॉ. सी. एल. साहू, हेमंत साहू एवं अरुण साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए मां कर्मा हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने लाभ उठाया। वहीं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत दो जोड़ों का विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि समाज को संगठित बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन सभी के सहयोग और समर्पण से यह संभव है। उन्होंने नई पीढ़ी को समाज और संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सभी समाजों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों द्वारा विभिन्न सामाजिक मांगें रखी गई, जिनमें डोम शेड निर्माण की मांग प्रमुख रही। इस पर अतिथियों ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

# कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राही को गृह प्रवेश कराकर सौंपी चाबी

■ आवास के पास सोखता ग ा निर्माण पर मिली सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भाटापारा तहसील अंतर्गत विभिन्न ग्रामो के दौरे के क्रम में ग्राम खैरी (आर ) में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही तीजमती को गृह प्रवेश कराया और आवास क़ी चाबी सौंपी। उन्होंने सुंदर आवास निर्माण के लिये बधाई दी।

हितग्राही के द्वारा आवास के छत के आउट लेट पाइप के पास वर्षा जल संचयन हेतु सोखता गड्ढा निर्माण किया था। कलेक्टर श्री शर्मा ने सोखता गड्ढा निर्माण पर हितग्राही क़ी सराहना करते हुए उन्हें जागरूक दम्पति कहा। उन्होंने बताया कि जब बारिश होगी तो छत का पानी इस पाइप के द्वारा नीचे आएगा और इस गड्ढे में एकत्रित होग़ा। इससे छत का पानी बहकर व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि जमीन के अंदर जाकर रिचार्ज करेगा। उन्होंने सभी से अपने मकान के पास सोखता गड्ढा निर्माण हेतु अपील किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से गिनती, एबीसीडी, फ्लो, जानवरों के नाम पूछे। कई बच्चों ने कविता भी सुनाई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों क़ी दर्ज संख्या, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को रेडी टू इट वितरण के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन के पास सोखता गड्ढा निर्माण हेतु श्रमदान कर लोगों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,एसडीएम श्यामा पटेल, डीपीओ अतुल परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### गांजा सहित युवक पकड़ाया



**बलौदाबाजार 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 11.04.2026 को थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए ग्राम छेरकापुर में अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी एवं उसके घर का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से ?3000 कीमत मूल्य 60 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम ?130 जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी मे धारा 20क्कहृष्ठक्क एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### बड़ी मात्रा में अवैध महुआ लाहन नष्ट



**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** पुलिस द्वारा अवैध शराब पर प्रभावी अंकुश लगाने चलाए अभियान के तहत भारी मात्रा में बोरतलाव थाना क्षेत्र के राउरकसा के जलाशय से महुआ लाहन बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना प्रभारी बोरतलाव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राउरकसा डैम के समीप अवैध रूप से महुआ लाहन बड़ी मात्रा में डुबाकर रखा गया है कि सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करीब 800 किलोग्राम अवैध महुआ लाहन को नष्ट किया गया।

### नगर के बस स्टैंड में लगे हाई मास्ट लाइट बंद, अंधेरा होने से हादसे का खतरा

**चारामा 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के बस स्टैंड परिसर में लगाये गये हाई मास्ट लाईट पिछले कई दिनों से बंद पडा हुआ है। जिससे पूरे बस स्टैंड में अंधेरा पसरा हुआ है। जिसके कारण यात्रियों एवं वाहन चालको को भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में स्थापित हाई मास्ट लाईट लंबे समय से खराब है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक उनकी मरम्मत नही कराई गई है जिसके कारण शाम होते ही बस स्टैंड पर अंधेरा छा जाता है जिससे यात्रियों को बडी असुविधा का सामना करना पडता हैं वहीं रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब यात्री खासकर महिलाए, बच्चे और बुजुर्ग अंधेरा होने के कारण असुरक्षित महसुस करते हैं। अंधेरे के कारण अन्य आपराधिक गतिविधियों की आशंका भी बढ जाती है। बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे की लाईटे भी काफी समय से बंद है जिस पर भी जिम्मेदार विभाग का ध्यान नही जा रहा है। नेशनल हाईवे की लाईटे बंद होने के कारण वाहन चालको को नगरीय क्षेत्र में रात में वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पडता है। बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान पर रोशनी की उचित व्यवस्था नही होना प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नही किया गया तो कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से बस स्टैंड एवं नेशनल हाईवे पर पर्याप्त लाईटो की व्यवस्था करने की मांग की है।

# तिल्दा-नेवरा में औद्योगिक क्रांति की आहट

## किसानों को साझीदार बनाकर ही लिखा जा सकता है विकास का नया अध्याय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ का तिल्दा-नेवरा अब केवल धान की पैदावार और राइस मिलों तक सीमित नहीं है। यह शहर तेजी से राज्य के सबसे प्रमुख और तेजी से बढ़ते औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। आर्थिक जानकारों का स्पष्ट मानना है कि यदि इस क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से नए उद्योग लगाए जाएं, तो यह एक बड़ी आर्थिक क्रांति का सूत्रपात कर सकता है। लेकिन इस विकास यात्रा की सबसे अहम शर्त यह है कि यह औद्योगीकरण किसानों के सीने पर नहीं, बल्कि उन्हें विश्वास में लेकर उनके साथ कदम मिलाकर होना चाहिए।

पिछले दिनों गांव अलदा के ग्रामीण महिला ओर पुरुष जिनकी संख्या सैकड़ों थी तपती धूप में एस डी एम कार्यालय तिल्दा नेवरा के सामने ग्रामीणों ने बालाजी उद्योग के गांव में नहीं लगाने पुरजोर विरोध किया ब्लॉक में लगने वाले उद्योग गांव के कुछ मुट्ठी भर लोगों को पकड़ कर अपने पक्ष में फर्जी एनोसी लेते है और जब पता लगता है विरोध होता है इस से बचने ओर ग्रामीणों को अपने पक्ष में उद्योग पति कर नए उद्योग की बहुत संभावना तिल्दा नेवरा में है।



### पारंपरिक व्यापार से भारी उद्योगों की ओर

तिल्दा-नेवरा का औद्योगिक दायरा अब चौड़ा हो रहा है। राइस मिलों के अलावा, यह क्षेत्र अब सीमेंट, स्पंज आयरन और अन्य उत्पादन इकाइयों के लिए निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

### जमीन अधिग्रहण नहीं, साझीदारी का मॉडल

विकास के नाम पर अक्सर किसान अपनी जमीन खोने से डरते हैं। प्रशासन और उद्योगपतियों को यह समझना होगा कि बिना किसानों की सहमति के क्रांति संभव नहीं है। किसानों को केवल जमीन का मुआवजा देने के बजाय, उन्हें उद्योगों में साझीदार बनाने या उनके परिवारों के लिए स्थायी रोजगार सुनिश्चित करने का मॉडल अपनाना होगा।

### स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार

नए उद्योग लगने का सीधा मतलब है रोज़गार के नए अवसर। हालांकि, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन फैक्ट्रियों में ठेकेदारी प्रथा के नाम पर बाहरी मजदूरों को भरने के बजाय तिल्दा-नेवरा और आसपास के गांवों के युवाओं को योग्यता के अनुसार पहली प्राथमिकता मिले।

### प्रदूषण और पर्यावरण की चुनौती

उद्योगों की चिमनियों से निकलता धुआं और अपशिष्ट क्षेत्र की उपजाऊ ज़मीन और हवा को दूषित कर सकता है। इसलिए, 'ग्रीन औद्योगीकरण' समय की सबसे बड़ी मांग है।

### ग्रामीण अंचल में होता है विकास

यह औद्योगीकरण केवल फैक्ट्रियों के बनने तक सीमित नहीं है, यह सीधे तौर पर आम आदमी की रसोई और उसके भविष्य से जुड़ा है। अगर सही नीयत से कारखाने लगते हैं, तो स्थानीय युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन रुकेगा। क्षेत्र में व्यापार बढ़ेगा, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी और आधारभूत ढांचे (सड़कें, अस्पताल, शिक्षा) का विकास होगा। लेकिन यदि किसानों की अनदेखी हुई, तो यह विकास भविष्य में असंतोष और विरोध का कारण भी बन सकता है।

तिल्दा-नेवरा आज एक ऐतिहासिक आर्थिक मोड़ पर खड़ा है। उद्योग लगाना समय की मांग है और विकास के लिए अपरिहार्य भी। लेकिन यह 'औद्योगिक क्रांति' तभी स्थायी और सफल मानी जाएगी, जब खेत और कारखाने एक-दूसरे के दुश्मन नहीं, बल्कि पूरक बनें। सरकार और निवेशकों को एक ऐसी पारदर्शी नीति लानी होगी जिसमें उद्योगपति का मुनाफा भी हो और किसान का भविष्य भी सुरक्षित रहे। 'किसानों के साथ और किसानों का विकास यही तिल्दा-नेवरा के सुनहरे भविष्य का एकमात्र रास्ता है।

# क्या हम आधुनिकता के साथ विकसित हो रहे हैं या केवल भीड़ का हिस्सा हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 13 अप्रैल।** पिछले डेढ़ दशक में भारत के टियर-3 शहरों और ग्रामीण अंचलों ने तकनीक के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वर्ष 2010 के सीमित इंटरनेट से लेकर 2026 के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (द्ब) के युग तक, हमारे जीने और सोचने का ढंग पूरी तरह बदल चुका है। लेकिन इस बदलाव के बीच एक बड़ा प्रश्न खड़ा है क्या यह तकनीक हमें स्वतंत्र बना रही है, या हम अनजाने में 'डिजिटल शोषण' और 'भेड़चाल' का शिकार हो रहे हैं *?

### सूचना का अतिप्रवाह बनाम वास्तविक ज्ञान

आज जानकारी की कमी नहीं है, बल्कि 'सही' जानकारी को चुनने की क्षमता की कमी है। इंटरनेट पर मौजूद अत्यधिक सूचना हमें केवल 'सतही' बना रही है, जिससे हमारी मौलिक चिंतन की शक्ति कम हो रही है।

### अदृश्य शोषण का तंत्र

सोशल मीडिया और विज्ञापन कंपनियाँ मानवीय मनोविज्ञान का उपयोग करके हमें उपभोगतावाद की ओर धकेल रही हैं। 'तुरंत सफलता' और 'दिखावे की संस्कृति' के कारण युवा वर्ग तनाव और पहचान के संकट से जूझ रहा है। विकास की खाई छोटे शहरों के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वैश्विक नेटवर्क और सही मार्गदर्शन के अभाव के कारण वे अक्सर उन 'ट्रेंड्स' के पीछे भागने लगते हैं जो अल्पकालिक होते हैं। यह उन्हें दीर्घकालिक विकास से भटका देता है।

### ग्रामीण जनता पर प्रभाव

यह विषय सीधे तौर पर हमारे समाज की मानसिक सेहत और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता है। यदि हम केवल तकनीक का उपभोग करेंगे और उसके पीछे के तंत्र को नहीं समझेंगे, तो हम केवल एक 'डेटा' बनकर रह जाएंगे। इसका सीधा प्रभाव हमारी निर्णय लेने की क्षमता, पारिवारिक संबंधों और आने वाली पीढ़ियों के मूल्यों पर पड़ रहा है। एक जागरूक नागरिक वही है जो तकनीक को अपनाए, लेकिन अपनी विवेकशीलता को गिरवी न रखे।

सच्चा विकास केवल हाथ में महंगे फोन या तेज इंटरनेट होने से नहीं आता, बल्कि अपनी सोच को 'सिस्टम-केंद्रित' बनाने से आता है। हमें 'भेड़चाल' का त्याग कर स्वयं के सिद्धांतों पर आधारित जीवन जीना होगा। अनुशासन, निरंतर सीखने की ललक और अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही हम किसी भी प्रकार के शोषण से बच सकते हैं। भविष्य उनका है जो तकनीक को नियंत्रित करना जानते हैं, न कि उनका जो तकनीक द्वारा नियंत्रित होते हैं।

# स्व. राजा शिवेंद्र बहादुर सिंह बस स्थानक के जीर्णोद्धार की मांग




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा वीरांगना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौपा गया, जिसमें स्व. श्री राजा सहाब शिवेन्द्र बहादुर सिंह जी के नाम से बस स्थानक डोंगरगढ़ जिसका जिर्णोधार, शुध्द पेयजल की व्यवस्था, महिला/पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था तथा बैठक व्यवस्था आदि किये जाने हेतु मांगपत्र सौपा गया। श्री डोंगरे के द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्रताशीघ्र उक्त बस स्टैण्ड के जजीर्णोद्धार के कार्य को पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जावेंगा तथा उक्त बस स्टैण्ड में पूर्ण रूप से व्यवस्था पर ध्यान देकर पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जावेंगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की अध्यक्ष-श्रीमती नीति सिंह, उपाध्यक्ष मधु सिंह ठाकुर, सचिव नेहा सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष मोना राणा सिंह, सुचित्रा कलचुरी,साधना तोमर, गिरिजा राजपूत,श्वेता सिंह चौहान,संगीता सिंह राजपूत, ममता राजपूत सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

# स्कूल में पढ़ाई के दौरान छात्र की पिटाई करने वाली शिक्षिका गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** प्रार्थी सुधाकर सहारे पिता स्व. प्रेमदास सहारे, उम्र 49 वर्ष, निवासी मिसीया बाड़ा, डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उनका पुत्र सार्थक सहारे , कक्षा 7वीं का छात्र, दिनांक 02-07-2025 को अपने स्कूल खालसा पब्लिक स्कूल, डोंगरगढ़ गया था। क्लास के दौरान क्लास टीचर नम्रता साहू द्वारा सभी छात्रों को एस.एस.टी. की पुस्तक निकालने कहा गया। पुस्तक निकालने में थोड़ी देर होने पर शिक्षिका नाराज हो गई और इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह को शिकायत की। इसके बाद दोनों शिक्षिकाएं कक्षा में आई, जहां इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह द्वारा छात्र के दोनों कानों पर हाथ से मारपीट की गई, जिससे छात्र के दोनों कानों को गंभीर क्षति पहुंची और उसकी सुनने की शक्ति स्थायी रूप से खत्म हो गई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 574/2025 दर्ज कर धारा 117(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर धारा 117(3) बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में प्रकरण की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन किया गया। साक्ष्य के आधार पर आरोपी इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह को दिनांक 11-04-2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे रखा गया हैं। प्रकरण में क्लास टीचर नम्रता साहू फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।




# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर मरीजों को फल वितरण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** समाज सेवक व लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर भाजपा शहर मंडल के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया । शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना महामंत्री विनय बंसल कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव उपाध्यक्ष अलका जयस सहारे नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव महेश वर्मा पार्षद शिवांगी साखरे देवेंद्र साखरे शारदा यादव रेखा राघवते बबीता मलागार अनुसूचित जाति जिला मंत्री रूपेंद्र इंदुरकर रामकुमार डढ़सेना लक्ष्मी यादव आकाश सिंह राजपूत रोशन लॉउत्रे जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अनुशुचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल लांजेवार, उपाध्यक्ष प्रमोद लौउत्रे ,उपाध्यक्ष शिवानी साखरे, उपाध?यक्ष वामनराव कोटांगले, उपाध्यक्ष अनमोल संगोटे, महा मंत्री शैलेश मालेकर, मंत्री अतुल बिरहा, मंत्री तारेश रावते, कोसाध्यक्ष राजा साखरे , सह कोसाध्यक्ष आदित्य करसे, जयेस सहारे अंकित शर्मा महेश सहारे डिंपी महापात्रे अजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे ।

# साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई

**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** नगर साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जी की 1010 वी जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम साहू धर्मशाला में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना की गई । तत्पश्चात कर्मा गिरी पहाड़ी में स्थित मा कर्मा जी की पूजा अर्चना की गई । सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक ब्लड डोनेट का शिविर भी लगाया गया था । ब्लड डोनेट करने वालो को हेलमेट भी प्रदान किया गया । संध्या 5 बजे शोभायात्रा ष्ठद्ब व बैंड पार्टी के साथ निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते नया साहू धर्मशाला में उपस्थित हुई । शोभायात्रा यात्रा के दवरान बुधवारी पारा , रेलवे चौक , टाकीज चौक , जयस्तंभ , व गोलबाजार में जल पान की व्यवस्था शहर के गणमान्य के द्वारा की गई थी । सन्ध्या 7 बजे शोभायात्रा नया धर्मशाला पहुचने के पश्चात पुजा अर्चना की गई व आथियो का सम्मान व समाज के द्वारा की गई जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मुख्य अथिति रामजी भारती,अध्यक्षता कर रहे तहसील साहू समाज के अध्यक्ष मदन मोहन साहू, विशिष्ट अथिति नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू , हंसराज साहू , हेमंत साहू, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, पार्षद अमित जैन , विनय बंसल , पार्षद श्रीमति देवेश साहू, बबिता मालागर, सुश्री शिवांगी साखरे , कमल किशोर साहू, नीरा साहू , नीलमणि साहू ,अशोक साहू, कचरू साहू , ईश्वर साहू , सुजाता साहू , कुलदीप साहू , नगर साहू समाज के अध्यक्ष बीरबल साहू , सचिव गिरेश साहू , संरक्षक वीरेंद्र साहू , मोहन साहू , शैलू साहू, अभिषेक साहू कमलेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, हेमिन साहू , कविता साहू , ओम बाई साहू , लता साहू, कामेश साहू , गणेश साहू, मनोज साहू , चितरंजन साहू सहित समाज के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुजन उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी पीएम आवास योजना 2.0 पर लगा ग्रहण

# राजस्व व नगरपालिका की लापरवाही का परिणाम भुगतेंगे गरीब हितग्राही: रामकृष्ण कन्नौजिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 अप्रैल।** प्रचलित आबादी भूमि पर काबिज गरीब हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने के सपने पर ग्रहण सा लगता नजर आ रहा है और राजस्व विभाग व नगरपालिका की लापरवाही के चलते केंद्र में बैठी मोदी सरकार की जनहितकारी योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमटने का आरोप लगाते हुए पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नौजिया ने कहा कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दूसरे चरण की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को सम्मिलित किए जाने की प्रक्रियाओं पर पानी फेरते हुए आदेश का घोर उल्लंघन किया गया है। श्री कन्नौजिया ने बताया कि उन्हें जानकारी प्राप्त हुई है कि जिसमें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग महानदी भवन रायपुर के द्वारा पत्र क्रमांक PROJ-201/32/2025-ष्ठ द्वारा जारी आदेश में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिशा निर्देश अनुसार 31 मार्च 2026 तक कार्यवाही प्रस्तुत किए जाने आदेशित किया गया था। जिसमें 31 अगस्त 2024 के पूर्व मकानों में आवासरत है व उनके पास पट्टा नहीं है उन्हें शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राही में शामिल कर सर्वेक्षण दल का गठन कर प्रत्येक वार्डवार संबंधित वार्ड के उप अभियंता, राजस्व निरीक्षक, पटवारी व नपा अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में सर्वेक्षण रिपोर्ट बनाकर तीन दिवस के भीतर नोडल एजेंसी राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाना था परन्तु योजना का क्रियान्वयन कागजों पर ही सिमटा रह गया और गरीब हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने का सपना अधूरा रह गया। वहीं दूसरी ओर बताया गया कि राजस्व विभाग से डोंगरगढ़ में आबादी भूमि की जानकारी में बधियाटोला में कुछ लगानी तो नगर में कुछ घास भूमि के आलावा पूरा नगर नजूल में शामिल होने की जानकारी सामने आई है जिसमें लोग पंद्रह से बीस वर्षो से भूमि पर काबिज हैं उन्हें इस योजना का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने दूसरे चरण की जनकल्याणरी योजना का प्रारंभ किया गया था। जिसका हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पाया और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 पर ग्रहण सा लग गया। श्री कन्नौजिया ने केंद्र सरकार से अपील व मांग की गई है कि योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों के लिए पुनः तीसरे चरण की योजना प्रारंभ की जाए जिससे हितग्राहियों का स्वयं का मकान बनाने का सपना साकार हो सके।



# आईपीएल में खुद को साबित किया वैभव,मुकुल ने

कभी देश के क्रिकेट में दो चार राज्यों के खिलाड़ी ही खेला करते थे। आईपीएल शुरू होने के बाद क्रिकेट में कई राज्यों के खिलाडियों को खेलने का मौका मिल रहा है। इससे कई राज्यों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं और अपने प्रतिभा से देश के लोगों को हैरान कर रहे हैं। कोई बल्लेबाजी में नए कीर्तिमान बना रहा है तो कोई गेंदबाजी में अपना लोहा मनवा रहा है। आईपीएल में बहुत से खिलाड़ियों को खुद का साबित करने का मौका मिल रहा है और कई खिलाड़ी हर मैच में खुद को साबित कर रहे है और पूरे देश में चर्चा का विषय बने हुए हैं। हाल ही हुए आईपीएल के मैच में सबसे ज्यादा चर्चा में वैभव सूर्यवंशी और मुकुल चौधरी रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के मैचों मे अपने कम उम्र में अद्भुत खेल के कारण चर्चा में बने हुए हैं।क्रिकेट में अब तक १६-१७ साल के खिलाड़ी ही अपने खेल के कारण चर्चा में रहे हैं, वैभव पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो १४ साल की उम्र मे ही आईपीएल खेलने व अद्भुत प्रदर्शन करने के कारण चर्चा मे रहे हैं।पिछले आईपीएल में वह ३५ गेंद में शतक लगाकर चर्चा मे रहे थे। इस बार अब तक हुए चार मैचों में वह एक बार नहीं दो बार पंद्रह गेंद में पचास रन बनाने के कारण चर्चा में रहे हैं। लोग एक बार बीस से कम गेंद में शतक बना पाते हैं उसके बाद वह अपने उस शानदार प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाते हैं। वैभव सूर्यवंशी २० से कम गेंद में तीन बार पचास रन बना चुके हैं।ऐसा करने वाले वह तीसरे खिलाड़ी हैं। आईपीएल में पावरप्ले में वही खिलाड़ी बेस्ट माना जाता है जो बिना आउट हुए दो सौ से तीन सौ की स्ट्राइक रेट से रन बनाए और पावर प्ले खत्म होने तक टीम का स्कोर साथी खिलाड़ी के साथ मिलकर ८०-१०० रन तक पहुंचा दे।इस कसौटी पर फिलहाल वैभव सूर्यवंशी व यशस्वी जायसवाल सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। दोनों तीन मैंच में पावर प्ले में ज्यादा रन बनाकर आउट नहीं हुए। चौथे मैच में जायसवाल आउट हुए लेकिन वैभव ने उनके आउट होने के बाद भी २६ गेंद में ७८ रन की धुआंधार बैटिंग कर टीम को जिताने में अहम भूमिका निबाह कर चर्चा का विषय रहे।वैभव टी-२० की नई पीढ़ी के क्रिकेटर हैं जिनका यकीन धीमे और ज्यादा देर तक खेलने में यकीन नहीं है। टी-२० के वर्तमान दौर में हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका होती है। जो अपनी तय भूमिका निभाने में सफल होता है वही चर्चा में रहता है। किसी की भूमिका मात्र ६ ओवर में पचास से सौ रन बनाने की है तो वह सफल तब ही माना जाता है जब वह कई मैचों में ऐसा कर पाता है। वैभव ऐसे ही खिलाड़ी हैं, वह बहुत तेज खेलते हैं और चौके के ज्यादा छक्का मारने में यकीन करते हैं, इसलिए वह तेजी से रन बनाते है और उनके तेजी से रन बनाने में टीम का स्कोर तेजी से बढ़ता है और लक्ष्य को पाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता है। और टीम को मैच जीतने में आसानी होती है। आईपीएल में राजस्थान रायल यदि अब तक कोई मैच नहीं हारी है तो इसकी एक वजह वैभव व यशस्वी की जोड़ी है। जो छह ओवर में ज्यादा रन बनाकर हर मैंच में जीत की मजबूत नींव रखती हैं। दोनों ६ ओवर में इतने ज्यादा रन इतनी तेजी से बनाते हैं कि बाद के खिलाडियों को आसानी होती है। आईपीएल में जो मैच जिताने में अहम भूमिका निबाहता है उसी की खूब चर्चा होती है। वैभव सूर्यवंशी चार मैचों में अपनी टीम को जिताने में अहम भूमिका निबाह चुके हैं,इसलिए उनकी हर बार मैच जीतने पर चर्चा होती है और इस बात के लिए भी खूब चर्चा होती है कि वह दिग्गज गेंदबाजों को कैसे छक्का मारते हैं। उन्होंने पिछले मैच में बूमराह,हेजलवुड, भुवनेश्वर आदि खिलाड़ियों की गेंद पर एक से अधिक छक्का मारकर खूब चर्चा में रहे। महान गेंदबाज की गेंद पर छक्का मारना कोई आसान काम नहीं होता है लेकिन वैभव यह काम इतनी आसानी के करते हैं कि लोगों को हैरानी होती है कि वह ऐसा कैसे करते हैं। वैभव की तरह लखनऊ की टीम के मुकुल चौधरी दूसरे ऐसे खिलाडी हैं जो टीम को जिताने के बाद खूब चर्चा में रहे।वह इसलिए चर्चा में रहे कि उन्होंने हारे हुए मैच में अतुलनीय प्रदर्शन कर टीम को जिताया था।

## विश्लेषण

# किशोर आक्रामकता एवं हिंसा पर अंकुश लगाने की पहल हो

**ललित गर्ग**

भारतीय किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से किशोरों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में किशोरों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। बदलते समय के साथ समाज के व्यवहार में आई यह हिंसक तीव्रता और आक्रामकता अब केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका सबसे चिंताजनक प्रभाव किशोर पीढ़ी पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना ज्यादा परेशान करने वाला है। हाल के वर्षों में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की संख्या और उनकी क्रूरता ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रभावों के गहरे संकट का संकेतक बन चुका है।

दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में मात्र चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की नृशंस हत्या, जिसमें तीन किशोरों ने बेरहमी से चाकू घोंपे और चौथा उसका वीडियो बनाता रहा, इस विकृति का भयावह उदाहरण है। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि संवेदनाओं के क्षरण, नैतिकता के पतन और कानून के भय के समाप्त हो जाने का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर किशोरों में यह दुस्साहस और हिंसात्मक प्रवृत्ति कहां से जन्म ले रही है? वस्तुतः, किशोर अपराधों के बढ़ते ग्राफ के पीछे कई परस्पर जुड़े हुए कारण हैं, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। सबसे पहला और प्रमुख कारण है पारिवारिक संरचना का विघटन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची और अन्य सदस्यों के सान्निध्य में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं का सहज प्रशिक्षण मिलता था। आज एकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता और समयाभाव के कारण बच्चों के साथ संवाद का अभाव हो गया है। परिणामस्वरूप, किशोर अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान बाहर ढूंढते हैं, जो कई बार उन्हें गलत दिशा में ले जाता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण है डिजिटल और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव। इंटरनेट ने जहां ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं अपराध, हिंसा और अश्लीलता से भरी सामग्री भी किशोरों के लिए सहज उपलब्ध कर दी है। फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों में हिंसा को जिस प्रकार ग्लैमराइज किया जाता है, वह किशोर मन को प्रभावित करता है। वे अपराध को एक साहसिक कार्य या रोमांच के रूप में देखने लगते हैं। कई बार वे यह भूल जाते हैं कि वास्तविक जीवन में इसके गंभीर और जीवन विनाशक घातक परिणाम होते हैं। तीसरा पहलू शिक्षा



व्यवस्था का है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा और रोजगार तक सीमित हो गया है। नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षण लगभग समाप्त हो गया है। शिक्षकों की भूमिका भी अब मार्गदर्शक की बजाय केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करने तक सीमित हो गई है। विद्यालयों में अनुशासन और संवाद का जो वातावरण होना चाहिए, वह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता भी किशोरों को प्रभावित कर रही है। जब वे अपने आसपास छोटे-छोटे विवादों में लोगों को हिंसक होते देखते हैं, तो यह उनके लिए सामान्य व्यवहार बन जाता है। राजनीति, मीडिया और सामाजिक जीवन में बढ़ती कटुता और टकराव की प्रवृत्ति किशोरों के मन में भी उसी प्रकार की प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती है। किशोर अपराधों के पीछे एक और गंभीर कारण है आपराधिक गिरोहों द्वारा उनका उपयोग। चूंकि कानून में किशोरों के लिए अपेक्षाकृत नरमी होती है, इसलिए अपराधी गिरोह उन्हें अपने कार्यों के लिए मोहरे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी किशोरों को अपराध की ओर धकेलती है। नशे की लत पूरी करने के लिए वे चोरी, लूट और यहां तक कि हत्या जैसे गंभीर अपराध करने से भी नहीं हिचकते।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि किशोर न्याय से जुड़े कानूनों का लचीलापन कई बार अपराधियों के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है। गंभीर अपराधों में संलिप्त होने के बावजूद किशोरों को शीघ्र रिहा कर दिया जाता है, जिससे उनमें कानून का भय समाप्त हो जाता है। इस संदर्भ में यह बहस भी समय-समय पर उठती रही है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त किशोरों के लिए वयस्कों जैसा दंड प्रावधान होना चाहिए या नहीं? हालांकि केवल कानून को कठोर बनाना ही समाधान नहीं है। समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं और इसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले परिवार को अपनी भूमिका को पुनः समझना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर ध्यान देना और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना अत्यंत आवश्यक है। माता-पिता को यह समझना होगा कि केवल भौतिक सुविधाएं प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय और संस्कार देना अधिक महत्वपूर्ण है।

दूसरे, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल और व्यवहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षकों को केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। स्कूलों में काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि किशोर अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। तीसरे, मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी। हिंसा और अपराध को महिमामंडित करने के बजाय सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री का निर्माण किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी कंटेंट की निगरानी और नियंत्रण को सख्ती से लागू करना होगा। चौथे, पुलिस और प्रशासन को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय, अपराध की रोकथाम पर अधिक ध्यान देना होगा। समुदाय आधारित पुलिसिंग, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और किशोरों के साथ संवाद जैसी पहलें प्रभावी हो सकती हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

यदि एक किशोर अपराध की राह पर जाता है, तो उसमें कहीं न कहीं परिवार, समाज, शिक्षा और व्यवस्था की भी जिम्मेदारी होती है। आज आवश्यकता है एक समन्वित और संवेदनशील दृष्टिकोण की, जिसमें सरकार, समाज, परिवार और शिक्षा संस्थाएं मिलकर कार्य करें। केवल दंड से नहीं, बल्कि संवाद, संस्कार और सकारात्मक मार्गदर्शन से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आक्रामकता आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी गंभीर संकट का रूप ले सकती है। इसलिए यह समय चेतने का है, सोचने का है और मिलकर समाधान खोजने का है, ताकि हमारी किशोर पीढ़ी हिंसा की राह छोड़कर सृजन और संवेदना के मार्ग पर अग्रसर हो सके।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाये रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। छात्रों को किसी बहु प्रतीक्षित परीक्षा परिणाम की प्राप्ति होगी। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। संतान की सफलता आपको खुश करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर छोटी पार्टी का आयोजन करने से आपका पैसा खर्च होगा, खर्च का ब्यौरा तैयार करना अच्छा रहेगा।
शुभ रंग- हरा शुभ अंक- 2

वृष राशि-आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेसमैन को काम में नए कुछ बेहतर अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे। आज आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा।परिवार में ख़ुशी का माहौल रहेगा। साथ ही ऑफिस में भी स्थिति आपके फेवर में रहेगी। दोस्तों के साथ आज कही बाहर घुमने जाएंगे जहां आप कुछ खुशनुमा पल बितायेंगे। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह भी लेंगे, आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।
शुभ रंग- ग्रे शुभ अंक- 8

मिथुन राशि-आज दांपत्य रिश्ते के बीच चल रही अनबन खत्म होगी। रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। साथ ही कामकाज की व्यस्तता में आपको खाना-पीना बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए। इससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है। आपको थोड़ा एक्सरसाइज पर भी ध्यान देने की जरूरत है। माता-पिता आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपकी मदद लेंगे। गृहस्थ जीवन आनंदमय रहेगा।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 5

कर्क राशि- आपका रुझान आज सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज पड़ोसियों के साथ आपकी मीटिंग भी हो सकती है। साथ ही अपने परिवेश में साफ सफाई के मुद्दे पर अपने पड़ोसियों के साथ विचार विमर्श करेंगे। गृहस्थ जीवन खुशहाल रहेगा। आपका स्वाभाव पूर्व की अपेक्षा विनम्र हो जायेगा। बच्चों के भविष्य को लेकर आप किसी अनुभवी से परामर्श लेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का रौनक बढ़ जाएगी। आर्किटेक के स्टूडेंट को आप मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ईमेल आ सकता है।
शुभ रंग- गुलाबी शुभ अंक- 1

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग बेरोजगार हैं, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। आज आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से बेहतर सलाह मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन आपको प्रसन्नता देगा। आज आपको खास बात पता चल चलेगी जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें।
शुभ रंग- पिच शुभ अंक- 5

कन्या राशि-आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कम मेहनत से बड़ी सफलता मिल सकती है। वेब डिजाइनर्स के लिए दिन सर्वोत्तम रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई के मामले में अपने दोस्तों से प्रेरित होंगे और अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित होने का प्रयास करेंगे। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे है। आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। रिश्तों में नयापन आयेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। विरोधियों से आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।
शुभ रंग- नांरगी शुभ अंक- 4

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आज आप उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। आपको दोस्त से बिना वजह की बाते करने से बचना चाहिए। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर आप विचार विमर्श करेंगे। शाम का समय आपके लिए बेहतर रहेगा। थोड़ी मेहनत से आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।
शुभ रंग- गुलाबी शुभ अंक- 9

वृश्चिक राशि- आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा- पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। आज बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने की उम्मीद है। आप अपनी बात को सही ढंग से रखने में सफल होंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी हो सकती हैं ,काम में स्थिरता बनी रहेगी। आपका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं।
शुभ रंग- पीला शुभ अंक- 3

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा। आप धैर्य से काम लेंगे और आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। साथ ही आज के दिन आपके कार्य सफल जरूर होंगे। आप आप फैमिली के साथ पास के ही किसी दर्शनीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिसका आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, आपके रिश्ते में मजबूती आएगी।
शुभ रंग- बैंगनी शुभ अंक- 7

मकर राशि- आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप अपनी बात दोस्तों से शेयर कर सकते हैं। आपको आगे बढने के लिए नई योजनाएँ बनानी पड़ेगी। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, भविष्य की प्लानिंग पर विचार विमर्श भी करेंगे। आप मेडिटेशन सेंटर ओपन करेंगे, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ेंगे।
शुभ रंग- काला शुभ अंक- 2

कुंभ राशि- आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छा पूरी होगी। आज आपको उम्मीद से अधिक धन प्राप्त हो सकता है। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। जरूरी काम मन- मुताबिक पूरा होने से आप प्रसन्न रहेंगे। साथ ही आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी। आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी नये काम की शुरुआत के बारे में सोच सकते हैं। आज आपकी सकारात्मक सोच जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर दिन बढ़िया रहेगा।
शुभ रंग- हरा शुभ अंक- 5

मीन राशि- आज आपका दिन ख़ास रहेगा। आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आज आपको अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति चिंता हो सकती है। आपको उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए। परिवार में आपको सबका सहयोग मिलता रहेगा। आज आप काम बहुत जल्दबाजी में कर सकते हैं। आज आपके सरकारी कार्यों में थोड़ी रुकावट आ सकती है , लेकिन जल्द ही सारे काम पूरे भी हो जाएंगे। आज आप बिजनेस में पैसे तो लगायेंगे , लेकिन आपको उसका लाभ मिलने में वक्त लगेगा। घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें।
शुभ रंग- लाल शुभ अंक- 6

## सू- दोकू क्र.007

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -007

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## यादें

# सुरों की अमर सरगम: आशा भोसले का अविस्मरणीय, अनूठा और यादगार सफर

**सुनील कुमार महला**

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर, जिन्हें 'भारत कोकिला/स्वर कोकिला' कहा जाता है, का निधन 6 फरवरी 2022 को रविवार के दिन, 92 वर्ष की आयु में इसी अस्पताल में हुआ था। एक मार्मिक संयोग यह भी रहा कि ठीक लगभग चार वर्ष बाद, 22 अप्रैल 2026 को रविवार के दिन ही आशा भोसले ने भी 92वें वर्ष में उसी अस्पताल में अंतिम सांस ली।8 सितम्बर 1933 को सांगली(महाराष्ट्र) में जन्मी आशा जी, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि अपने विलक्षण और दीर्घ करियर में आशा भोसले ने 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 12,000 से भी अधिक गीत गाए और 1000 से अधिक फिल्मों में अपनी आवाज़ दी और इस अद्वितीय,अनूठी व शानदार उपलब्धि के लिए वर्ष 2011 में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। शास्त्रीय संगीत की सुदृढ़ नींव पर आधारित उनकी गायकी ने ग़ज़ल, भजन, पॉप, कैबरे और पश्चिमी संगीत तक हर विधा में अपना जादू बिखेरा। उनकी 'वॉइस मॉड्यूलेशन' की अद्भुत क्षमता-भाव, लय और शब्द के अनुरूप आवाज़ को ढाल लेने की कला-उन्हें अपने समय की सबसे बहुमुखी और प्रयोगशील गायिकाओं में स्थापित करती है। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा जी से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा जी ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। इसके अतिरिक्त, संगीतकार ओ. पी. नैयर के साथ उनकी जोड़ी भी अत्यंत लोकप्रिय रही; नैयर साहब उनकी आवाज़ की 'अदा' और 'नमक' के इतने प्रशंसक थे कि उन्होंने कभी लता मंगेशकर से गीत नहीं गवाए।



उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। हाल फिलहाल,यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय(एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

## एक नजर

### केशकाल घाट में जाम से राहत के लिए ठोस व्यवस्था की मांग

**जगदलपुर 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर के प्रवेश द्वार के रूप में पहचाने जाने वाले केशकाल घाट में



लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्या को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्थायी समाधान की मांग की है। अपने पत्र में बाफना ने उल्लेख किया है कि नारायणपुर, रावघाट, बैलाडीला और नगरनार इस्पात संयंत्र से आने वाले भारी वाहनों, विशेषकर लौह अयस्क परिवहन करने वाले ट्रकों के कारण घाट में अक्सर घंटों लंबा जाम लग जाता है। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आंध्र प्रदेश के सालूर घाटी की तर्ज पर ट्रैफिक व्यवस्था विकसित कर केशकाल घाट में भी सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक योजना बनाकर प्रभावी अमल करने की आवश्यकता बताई गई है। बाफना ने यह भी कहा कि जाम की स्थिति के कारण पुलिस बल को पूरी रात वाहनों का संचालन नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, जिससे उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने शासन से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि आम जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### बस्तर की जनजातीय स्वास्थ्य परंपराओं पर होगा वैज्ञानिक शोध

**जगदलपुर, 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और उनकी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैज्ञानिक धरातल पर परखने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के द्वारा जारी के अनुसार महाविद्यालय में प्रोजेक्ट रिसर्च फेलो और प्रोजेक्ट असिस्टेंट के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। यह नियुक्ति डिपार्टमेंट ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी - आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई द्वारा प्रायोजित एक विशेष शोध परियोजना के अंतर्गत की जाएगी, जिसे जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत संचालित किया जा रहा है। इस शोध का मुख्य केंद्र छत्तीसगढ़ की अभुझमाड़िया और गोंड जनजातियों की स्वास्थ्य स्थितियों का विस्तृत मूल्यांकन करना है। परियोजना का शीर्षक ÷छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़िया और गोंड जनजातियों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने हेतु उनकी स्वास्थ्य स्थितियों का मूल्यांकन तथा पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों का वैज्ञानिक सत्यापन÷ रखा गया है। इसके माध्यम से न केवल इन जनजातियों की पारंपरिक चिकित्सा विधियों का वैज्ञानिक सत्यापन किया जाएगा, बल्कि उनके आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी कार्य होगा। यह शोध बस्तर की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। शोध और विकास के क्षेत्र में रुचि रखने वाले उम्मीदवार शैक्षणिक योग्यता और चयन प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं या संस्थान को ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। स्थानीय स्तर पर शोध को बढ़ावा देने और जनजातीय विकास को वैज्ञानिक गति देने के उद्देश्य से निकाली गई यह भर्ती उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है।

### दुवधूमुला उद्वहन सिंचाई परियोजना के भूमि के अर्जन के लिए जनसुनवाई 27 अप्रैल को

**बीजापुर 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तेलंगाना राज्य द्वारा मुलुगू जिले में गोदावरी नदी पर निर्मित दुवधूमुला उद्वहन सिंचाई योजना के डाऊन स्ट्रीम में लगभग 4 किमी नीचे निर्माणधीन तुपाकुलागुडम बैराज समक्का, सागर परियोजना छत्तीसगढ़ की प्रभावित भूमि एवं मुआवजे संबंधी जन सुनवाई 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:30 बजे ग्राम कोत्तुर में आयोजित होगा जिसमें उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी सुझाव देना हो तो विहित तिथि/समय में दी जा सकेगी।

# सेवाव्रती भाइयों एवं व्यास बहिनों का किया सम्मान

- एकल अभियान अंचल बैलाडिला कार्यालय में आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 12 अप्रैल।** शनिवार को एकल अभियान अंचल बैलाडिला के तत्वाधान में सेवाव्रती सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बैलाडिला अंचल अंतर्गत संच की व्यास बहिनें एवं सेवाव्रती भाईयों को तिलक लगाकर उपहार देकर अंचल बैलाडिला समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में करीब 10 संच जिसमें बचेली, भांसी, बडेगुडरा, बडेतुमनार, मेटापाल, तुमकपाल, बालुद, बारसूर एवं रोंजे संच से कुल 28 की संख्या में सेवाव्रती भाई बहिनें उपस्थित हुए थे जिनका सम्मान किया गया।

उक्त अवसर पर एकल अभियान अंचल बैलाडिला समिति के अध्यक्ष विमल दिक्षित ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अंचल के सेवाव्रती भाईयो एवं व्यास बहिनों का सम्मान किया जाता है उसी तारतम्य में इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री दीक्षित ने बताया कि बैंलाडिला अंचल में 10 संच हैं जिनके अंतर्गत अंचल में इस समय करीब 138 से अधिक एकल विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। हमारे एकल विद्यालय के आचार्य तन, मन धन लगाकर ग्रामीण अंचलों के ऐसे गरीब बच्चे जो किसी काणवश स्कूलों तक नहीं पहुंच पाते हैं उनको एकल विद्यालय में ले जाकर उन्हें शिक्षा, दीक्षा एवं संस्कार देते हैं उनकी हर जरूरतों का भी ख्याल रखते हैं। एकल अभियान ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से बच्चों और बड़ों को न केवल साक्षर बना रहा है बल्कि उनमें देशभक्ति, संस्कार देने के साथ साथ हिन्दु समाज को संगठित कर एकसूत्र में पिरोने का कार्य भी कर रहा है। ऐसे हमारे निरंतर लगन से तथा निःस्वार्थभाव से काम करने वाले हमारे सेवाव्रती भाईयों एवं व्यास बहिनों का हम हर साल सम्मान करते हैं इसी के तहत यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सेवाव्रती भाईयों व्यास बहिनों को समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई जिसके उपरांत उन्हें उपहार स्वरूप सिलिंग पंखा एवं ट्रेकशूट दिया गया वहीं व्यास बहिनों को भी पंखा एवं साड़ी उपहार में दिया गया। संच की सेवाव्रती भाईयों एव बहिनों ने सम्मान एवं उपहार पाकर बेहद प्रसन्न हुए और सभी ने बैलाडिला अंचल समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अतुल चौधरी (भाग उपाध्यक्ष) विवेक चौहान (सचिव) अजय साहू (कोषाध्यक्ष)अशोक रिछारिया (प्रा0शि0प्र0) दीपक पाल, अंकुर भदौरिया, मोहन भदौरिया, किशोर साहू, सुशीला नाग, राजेश तर्मा एवं महिला समिति से अनीता शर्मा, शशिप्रभा यादव, जानकी साहू, सुभद्रा साहू आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका की लापरवाही से मुख्य सड़क में बड़ा सा गढ्ढा

- फटे पाइपलाइन को जोड़ने के लिए खोदी थी सड़क,
- सीमेंट कांक्रीट से पाट तो दिया मगर क्यूरिंग नहीं करने से उखड़ने लगा कांक्रीट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 13 अप्रैल।** करीब 6 माह पूर्व नगर के बैलाडिला-गीदम जाने वाली मुख्य सड़क का नवीनीकरण हुआ था। नई सड़क बनी थी सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही दंतेश्वरी तालाब के सूर्यगेट के ठीक सामने नगर पालिका ने सड़क के बीचों बीच पाइप लाइन फूट जाने से उसे बनाने के लिए सड़क को खोदा था पाइपलाइन को तो जोड़कर बना दिया गया मगर सड़क पर हुए गढढे को ठीक ढंग से भरा नहीं गया जिसके परिणाम स्वरूप अब उस स्थान पर फिर से एक बड़ा सा गढढा बनता जा रहा है। दरअसल पालिका के नल जल टीम के कर्मचारियों ने यहां लापरवाही की है । गढढा भरने के बाद नियमतः गढढे को सीमेंट कांक्रीट से पुरी तरह भरकर उसे सड़क से लेबलिंग करके तीन चार दिनों तक उसमें पानी डालकर उसे क्यूरिंग करना चाहिए था जिसके बाद ही रोड खोलना चाहिए था। मगर ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। पाइपलाइन जोड़ने के बाद नल जल प्रभारियों ने सीमेंट कांक्रीट का मसाला बनाकर गढढा तो भर दिया गया उसे लेबल नहीं किया और ना ही उस स्थान पर पानी डालकर उसे क्यूरिंग किया। नतीजा यह हुआ कि मुख्य सड़क होने से भारी वाहनों के गुजरने से सीमेंट कांक्रीट उखड़ने लगा और आज वहां पर फिर से एक बड़ा गढढा बनता जा रहा है जिससे आने जाने वाले वाहनों को खासी परेशानी हो रही है। जब गढढे से वाहन गुजरते हैं तो काफी तेज आवाज भी आता है जिससे आसपास के दुकानदार सहम जाते हैं। उक्त गढढे वाले स्थल पर हादसे भी हो रहे हैं। नगर पालिका की थोड़ी सी लापरवाही के चलते आज उक्त जगह पर गढढा बन गया है जो आने वाले कुछ महिनों में और ज्यादा बड़ा गढढा का रूप ले लेगा। बारिश भी आने वाला है ऐसे में गढढे में पानी भरने से राहगिरों को भी परेशानी होगी। लिहाजा समय रहते अगर गढढे को दुबारा से नहीं भरा गया तो आमजनों के लिए यह परेशानी का सबब भी बन सकता है। समस्याओं एवं हादसों से आम राहगिरों को बचाना है तो समय रहते नगर पालिका को इस गढढे को फिर से भरकर उसे ठीक करना होगा।

## विदेश टूर में लापरवाही पर ट्रैवल कंपनी को उपभोक्ता आयोग ने 2 लाख देने को कहा



- सेवा में कमी साबित, पीड़िता को 2 लाख रुपये देने के निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 13 अप्रैल।** जिला उपभोक्ता आयोग ने विदेश यात्रा में गंभीर खामियों के मामले में गुरुग्राम स्थित ट्रैवल कंपनी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पीड़िता को कुल 2 लाख रुपये देने का आदेश दिया है। इसमें 1.50 लाख रुपये की वापसी राशि और 50 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में शामिल हैं।

मामले के अनुसार, जगदलपुर निवासी बिंदु विश्वकर्मा ने अपने परिवार सहित कुल 8 लोगों के लिए ट्रैवल कंपनी के माध्यम से हांगकांग और मकाऊ का टूर पैकेज बुक कराया था, जिसके लिए उनसे 7 लाख रुपये वसूले गए थे।

आरोप है कि तय कार्यक्रम (आइटिनरी) के अनुसार पर्यटकों को सभी स्थानों का भ्रमण नहीं कराया गया और ठहरने के लिए वादा किए गए 4 स्टार होटल के बजाय सामान्य होटल में व्यवस्था की गई। विदेश में भाषा संबंधी समस्याओं के कारण भी परिवार को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इन परिस्थितियों से परेशान होकर पीड़िता ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान आयोग ने माना कि ट्रैवल कंपनी द्वारा सेवा में स्पष्ट कमी और व्यावसायिक कदाचार किया गया है। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल एवं सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने अपने आदेश में ट्रैवल कंपनी को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़िता को राहत देने के निर्देश दिए हैं।

# खरीफ वर्ष-26 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना, कृषि कार्यों पर रहेगी नजर

**बीजापुर 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी खरीफवर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फसल क्षेत्र विस्तार, वर्षा, बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाइयों एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के भंडारण, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण की निगरानी हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

नियंत्रण कक्ष के माध्यम से डबल लॉक एवं सिंगल लॉक केंद्रों में सामग्री के भंडारण एवं वितरण की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कीट एवं रोग नियंत्रण व्यवस्था, फसल बोनी की स्थिति, धान नर्सरी तथा अन्य फसलों के क्षेत्र विस्तार से संबंधित जानकारी नियमित रूप से संकलित कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाएगी।

नियंत्रण कक्ष में प्रभारी अधिकारी के रूप में सहायक संचालक कृषि श्री उग्रेश कुमार देवांगन को नियुक्त किया गया है। उनके साथ कृषि विकास अधिकारी श्री मर्केला श्रीनिवास को सहायक प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य कर्मचारियों को भी विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिनमें नियंत्रण कक्ष सहायक एवं सहयोगी स्टाफ शामिल हैं।

नियंत्रण कक्ष का संचालन कार्यालयीन समय अनुसार प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा। सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विकासखंड की कृषि आदान व्यवस्था एवं फसलों में कीट-व्याधि की स्थिति की जानकारी प्रत्येक गुरुवार को ईमेल, व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से नियंत्रण कक्ष को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

## सुशासन या दिखावा जनता से किए गए सभी वादे अधूरे:राजेश चौधरी

- नेता प्रतिपक्ष का आरोप सरकार ने योजनाओं के नाम पर लिया आवेदन, पर नहीं मिला लाभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 13 अप्रैल।** नगर पालिक निगम जगदलपुर के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि जनता से किए गए कई वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने ÷सुशासन तिहार÷ के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत है। प्रेस विज्ञप्ति में चौधरी ने बताया कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन तो बड़ी संख्या में लिए गए, लेकिन लाभ देने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना, पेंशन और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनता को अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई है।

उन्होंने कहा कि पट्टा वितरण के लिए सर्वे तक नहीं कराया गया, वहीं कई हितग्राहियों को आवास योजना की किस्त समय पर नहीं मिल रही है। शौचालय निर्माण के लिए सैकड़ों आवेदन लेने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है। महतारी वंदन योजना में भी नए आवेदनों को स्वीकृति नहीं मिलने का आरोप लगाया गया। पेंशन योजनाओं को लेकर भी चौधरी ने कहा कि कई हितग्राही महीनों से भुगतान के लिए भटक रहे हैं। इसके अलावा बेरोजगारी भत्ता और रोजगार देने के वादे भी पूरे नहीं किए गए हैं।

गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा, जबकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि स्थिति को सामान्य बता रहे हैं। अंत में उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मांग की कि यदि सरकार में क्षमता है तो इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए, अन्यथा जनता से माफी मांगी जाए।

# पीपलावंड में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की ग्राम समिति गठित

- माता शीतला मंदिर में कार्यक्रम, 120 युवाओं ने ली सदस्यता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 13 अप्रैल।** बस्तर प्रखंड के ग्राम पंचायत पीपलावंड में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ग्राम समिति का विधिवत गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता शीतला मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलन और विजय महामंत्र के जाप के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने कहा कि बस्तर पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है, जहां PESA कानून लागू है। उन्होंने क्षेत्र में सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चिंता व्यक्त की।

बजरंग दल के विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से समाज सेवा और संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संगठन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

जिला उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने ग्रामीणों से एकजुट रहने और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें ललित बघेल को अध्यक्ष, समलू बघेल, शुकदेव बघेल एवं तेजपाल कश्यप को उपाध्यक्ष, देवेंद्र बघेल को मंत्री, धर्मसिंह साहू को सह मंत्री, सोमारूराम को कोषाध्यक्ष, भजनलाल बघेल को संयोजक तथा पिलादास मांडवी को सह संयोजक बनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन, पुजारी सहित कुल 120 युवाओं ने बजरंग दल की सदस्यता ग्रहण की। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप मामले में 5 गिरफ्तार

**बीजापुर, 13 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भैरमगढ़ ब्लॉक में एक दिल झकझोर करने वाली घटना सामने आ रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पहचान होने का दिलासा देकर नाबालिग लड़की को सुनसान जगह में ले गया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। बीएनएस और पोस्को एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 4 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एवं 1 नाबालिग आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा पर लिया गया। भैरमगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता को पहले से परिचित एक शख्स ने बहला-फुसलाकर अंदरूनी सुनसान इलाके पर ले गया। उसके बाद 5 लोगों ने मिलकर अपनी हवस का शिकार बनाया। इस प्रकरण में कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दुष्कर्म की यह वारदात 11 अप्रैल की बताई जा रही है। परिजनों द्वारा भैरमगढ़ थाने में केस दर्ज कराया गया है। जिसके उपरांत भैरमगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## गौ सम्मान अभियान के तहत हुई बैठक में लिया गया निर्णय

# 27 अप्रैल को मनाया जाएगा 'गौ-सम्मान दिवस'

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 13 अप्रैल।** गौ-माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आज जगदलपुर के माहेश्वरी भवन में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बस्तर जिले के प्रमुख पदाधिकारियों और गौ-भक्तों ने हिस्सा लिया, जिसमें अभियान की भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बस्तर जिले की सभी तहसीलों में 27 अप्रैल 2026 तक व्यापक स्तर पर जनसंपर्क और हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को इस पुनीत कार्य से जोड़ना है। बैठक के दौरान यह घोषणा की गई कि 27 अप्रैल 2026 को पूरे बस्तर जिले में गौ-सम्मान दिवस के रूप में अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले भर में जागरूकता रैलियां, सामाजिक कार्यक्रम और जनसभाओं का आयोजन कर गौ-रक्षा का संदेश प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

जिला प्रभारी मुन्ना कोरी ने कहा गौ-माता भारतीय संस्कृति और आस्था का आधार हैं। हमारा उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि गौ-माता को 'राष्ट्र माता' का संवैधानिक सम्मान दिलाना और देश में पूर्ण गौ-हत्या बंदी लागू करवाना है। बस्तर की पावन धरा से इस अभियान को हम जन-जन तक ले जाएंगे। 27 अप्रैल को होने वाला 'गौ सम्मान दिवस' जिले के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। मैं बस्तर के प्रत्येक नागरिक से अपील करता हूँ कि वे इस धर्मयुद्ध में सहभागी बनें और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करें।

गौ-सेवा आयोग जिला सदस्य एवं संचालक, हैप्पी कामधेनु दीपक पनपालिया गौ माता की सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारे देश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मार्ग भी है। 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के माध्यम से हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक गौ संरक्षण का संदेश पहुँचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। 'हैप्पी कामधेनु' के माध्यम से हमारा प्रयास रहा है कि गौ वंश आत्मनिर्भर बने और अब इस अभियान के जरिए हम बस्तर के हर घर को इस पावन संकल्प से जोड़ेंगे। हम चाहते हैं कि हर नागरिक गौ माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे, ताकि 27 अप्रैल को आयोजित होने वाला 'गौ सम्मान दिवस' मात्र एक कार्यक्रम न रहकर एक वैचारिक क्रांति बन जाए। बैठक में जिला प्रभारी मुन्ना कोरी, दीपक पनपालिया, शैलेन्द्र साहू और जगदलपुर तहसील प्रभारी शारदा पटेल सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे।

## दुर्ग कांड के विरोध में बस्तर में प्रदर्शन कर महिला कांग्रेस ने फूंके पुतले



**जगदलपुर १३ अप्रैल।** दुर्ग में पांच वर्षीय बालिका के साथ हुई घटना के विरोध में बस्तर में महिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शहर अध्यक्ष लता निषाद और ग्रामीण अध्यक्ष चंपा ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफबढ़ते अपराधों को लेकर चिंता जताई और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतले फूंके तथा नारेबाजी की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित महिला कांग्रेस शहर व ग्रामीण इकाई के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को व्यवहारिक व जनोपयोगी शिक्षा से जोड़ने

# कार्यशाला में शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता, फाइनेंशियल लैब की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** कलेक्टर के निर्देश एवं डीईओ के. व्ही.राव के मार्गदर्शन में जिले की शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं जीवनोपयोगी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता एवं फाइनेंशियल लैब निर्माण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। कार्यशाला में जिले की चयनित चार शालाओं में पदस्थ व्याख्याताओं ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को वित्तीय विषयों की व्यवहारिक समझ प्रदान करना, उन्हें आधुनिक आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना तथा विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता विकसित करने हेतु सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान चेन्नई से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा अत्यंत रोचक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा, बैंकिंग प्रणाली, बचत एवं निवेश के सिद्धांत, स्टॉक मार्केट की मूलभूत जानकारी, बीमा, बजट निर्माण, तथा दैनिक जीवन में वित्तीय निर्णय लेने की समझ शामिल रही। प्रशिक्षकों ने उदाहरणों, खेलों, समूह चर्चा, भूमिका निर्वहन तथा प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से विषय को सरल एवं प्रभावी बनाया, जिससे प्रतिभागियों में विषय के प्रति गहरी रुचि विकसित हुई। कार्यशाला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरा, पीएमसी नटवर स्कूल तथा पुसौर विकासखंड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला औरदा के व्याख्याताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि वित्तीय शिक्षा केवल सैद्धांतिक न होकर व्यवहारिक एवं अनुभव आधारित होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रत्येक विद्यालय में फाइनेंस लैब स्थापित करने की रूपरेखा भी साझा की गई। फाइनेंस लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रक्रियाएं, नकली एवं वास्तविक मुद्रा की पहचान, निवेश के विकल्प, डिजिटल भुगतान प्रणाली, तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित अवधारणाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में इस प्रशिक्षण के अनुरूप विद्यार्थियों हेतु गतिविधि आधारित कार्यक्रम आयोजित करें। जैसे-वित्तीय क्विज, बजट निर्माण अभ्यास, नकली बैंक मॉडल, शेयर बाजार का सिमुलेशन आदि। इससे विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही वित्तीय अनुशासन एवं जागरूकता विकसित की जा सकेगी।

उपस्थित सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया तथा इसे अपने शैक्षणिक कार्य में प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। कार्यशाला के संचालन में समग्र शिक्षा जिला कार्यालय से प्रभारी जिला मिशन समन्वयक भूपेन्द्र पटेल एवं बीआरसी रायगढ़ मनोज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### कबीरधाम में पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**कबीरधाम, 13 अप्रैल।** जिले में गंभीर अपराधों के खिलाफकबीरधाम पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने हत्या के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी संजय ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी तक तेजी से पहुंच बनाई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भेण्ड्रानवांगांव बैगापारा निवासी मंगलसिंग बैगा (30 वर्ष) ने अपनी पत्नी दशमत बाई बैगा के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, घटना में प्रयुक्त टंगिया का बेंठ भी आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफथाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 11/2026 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और गंभीर अपराधों पर नियंत्रण के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में थाना सिंघनपुरी जंगल की टीम की अहम भूमिका रही।

### 35 पाव देशी शराब के साथ बिर्रा पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा,13 अप्रैल।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिर्रा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 35 पाव देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बिर्रा श्रीमती सतरूपा तारम के पर्यवेक्षण में थाना बिर्रा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ग्राम पेण्ड्री निवासी 23 वर्षीय सुरेंद्र कश्यप को पकड़ा। उसके कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत लगभग 2800 रुपये बताई जा रही है, जब्त की गई।आरोपी के खिलाफधारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक जय कुमार साहू, सउनि तीज राम जांगड़े सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों का सराहनीय योगदान रहा।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** महिला थाना रायगढ़ में 12 अप्रैल को एक प्रार्थिया द्वारा अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ पड़ोसी द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रार्थिया ने बताया कि 10 अप्रैल को वह अपने पति के साथ शादी निमंत्रण पर पत्थलगांव गई थी, घर पर बच्चे अकेले थे। इसी दौरान दोपहर में उसकी बेटी ने मोबाइल पर कॉल कर बताया कि पड़ोसी हेमंत कुर्रे (उम्र 26 वर्ष) छोटी लकड़ी पीड़िता को बहला-फुसलाकर खेलने के बहाने अपने घर ले गया और वहां गलत नियत से छेड़छाड़ किया।अगले दिन घर लौटकर जब प्रार्थिया एवं उसके पति ने बालिका से पूछताछ की, तब पूरी घटना सामने आई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर महिला थाना में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 74, 75(1)(ii) भारतीय न्याय संहिता और 8 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी हेतु महिला थाना और थाना जुटमिल की पेट्रोलिंग टीम द्वारा उसके घर दबिश दी गई, किंतु आरोपी फरार मिला। तत्पश्चात तत्काल साइबर टीम की सहायता से आरोपी को चक्रधर नगर क्षेत्र से उसे हिरासत में लिया गया। महिला थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपी हेमंत कुर्रे ने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कोर्ट पेश किया गया, जहां जेल वारंट पर आरोपी को भेजा गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को मिल रही नई गति

## वित्त मंत्री ने करोड़ों रुपयों के कार्यों की दी सौगात

- रायगढ़ विधानसभा के 5 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन
- गांव चलो अभियान के तहत जनसंवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 अप्रैल।** जिले के ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा देते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए लगातार जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान ग्राम-सूरजगढ़ में लगभग 192.92 लाख रुपये की लागत से निर्मित सूरजगढ़-पड़िगांव से तेलीपाली सड़क का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात सरल व सुगम होगा। वहीं ग्राम टिनमिनी में 12 लाख रुपये की लागत से शेड तथा 5.20 लाख रुपये की लागत से विक्रम घर से स्कूल तक सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा अंजली सतपति को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नावापाली में 7.50 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।




इसी क्रम में पड़िगांव में जगन्नाथ मंदिर के पास 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। साथ ही यहां 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा चौहान मोहल्ला में 10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। ग्राम गुडू में वार्ड क्रमांक 01 में 10 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया गया, वहीं 10.40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली एक अन्य सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने टिनमिनी सहित अन्य गांवों में गांव चलो अभियान के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इन कार्यों से न केवल बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्राम के सरपंच, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जैन मिलन के चुनाव में संजय सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** जैन मिलन के चुनाव का आयोजन जैन भवन, सेक्टर-6 में अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी अशोक पहाड़िया एवं ज्ञानचंद जैन के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से किया गया। इस चुनाव में कुल 44 प्रत्याशियों के बीच अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से 28 मत प्राप्त कर संजय चतुर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके निर्वाचन की घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बधाइयां दीं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन सहित जिनेंद्र जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, कमल जैन, आनंद कोचर, वीरेंद्र जैन, जितेन सुराणा, नवीन टाटिया, सुनील जैन, संपत लाल जैन, जितेंद्र जैन, संतोष बाकलीवाल, संजीव जैन, मुकेश बाकलीवाल, अशोक जैन, संदीप जैन, आशीष जैन, निर्मल चंद जैन, प्रशांत जैन, राजेश जैन, अनुपम जैन, सुरेश जैन, प्रदीप बोबड़े सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभा में कई सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन ने आभार प्रदर्शन किया तथा चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए चुनाव अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय चतुर के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा आगामी 15 दिनों में की जाएगी।

# इंद्रजीत सिंह बने जिला हॉकी संघ दुर्ग के संरक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा आयोजित एकता कप हॉकी प्रतियोगिता 2026 (अखिल भारतीय 7 ए-साइड रात्रिकालीन हॉकी टूर्नामेंट) के अंतर्गत खेले गए पांचवें मुकाबले में एचटीसी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएचए कोरबा को 5-0 से पराजित किया। इस रोमांचक मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी इंद्रजीत सिंह (छोटू) उपस्थित रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। कार्यक्रम के दौरान जिला हॉकी संघ दुर्ग द्वारा इंद्रजीत सिंह (छोटू) को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सबा अंजुम पूर्व भारतीय हॉकी टीम कप्तान, अर्जुन अवार्ड एवं पद्मश्री सम्मानित एवं धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड 40 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अयूब खान, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जसपाल सिंह, सुधीर वाघ, योगेश बघेल सहित जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अयूब इरफान, सचिव जहांगीर खान, उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा, सुनील नवघरे, वाहिद खान, अब्दुल हनीफखान, कोषाध्यक्ष नियाजुद्दीन शेख एवं अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।




# हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 अप्रैल।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों के जिला प्रवास के दौरान रायगढ़ जिला टोली के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे और क्षेत्र में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। इस अवसर पर संगठन के विस्तार, जनसंपर्क बढ़ाने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य करने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का संकल्प लिया।

# पुतला फूंकने के दौरान भड़की आग से पुलिसकर्मी झुलसे, दोषी की तलाश की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 13 अप्रैल।** जिले के उतई में रविवार को हुआ प्रदर्शन अब कानूनी कार्रवाई की जद में आ गया है मासूम बच्ची से अनाचार के मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पुतला फूंकने पहुंचे कांग्रेसियों के प्रदर्शन के दौरान भारी हंगामा हुआ। इस दौरान हुई आगजनी में कई पुलिसकर्मी बुरी तरह झुलस गए हैं फिलहाल पुलिस ने आज अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली है प्रदर्शन के दौरान अचानक भड़की आग ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को अपनी चपेट में ले लिया पुलिस का मुख्य फोकस अब उस व्यक्ति की पहचान करना है जिसने भीड़ के बीच पेट्रोल फेंका था।प्रशासन अब डिजिटल साक्ष्यों का सहारा ले रहा है। पुलिस की एक विशेष टीम अलग-अलग जगहों से प्रदर्शन के वीडियो फुटेज जुटा रही है पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान लगभग तय है और जल्द ही बड़ी गिरफ्तारी हो सकती है।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पेट्रोल किसने और किस मंशा से फेंका, लेकिन पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने और सरकारी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।वहीं एसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि हो सकता है प्रदर्शन के दौरान पीछे से किसी उपद्रवी ने पेट्रोल फेंका हो, जिसकी वजह से स्टाफ झुलस गया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और तमाम वीडियो फुटेज के आधार पर पेट्रोल फेंकने वाले आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# जेल से निकलते बदमाश ने वीडियो बनाया तो पुलिस ने उठक-बैठक करवा कर छोड़ा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 13 अप्रैल।** जिले में एक बदमाश 17 महीने बाद जमानत पर जेल से रिहा हुआ थाने से निकालते समय उसने 'आज जेल, कल बेल, परसो फिर वही खेल' भोजपुरी गाने पर रील बनाई। उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया वीडियो में युवक रौब दिखाते नजर आ रहा है एनडीपीएस एक्ट के तहत उसकी गिरफ्तारी हुई थी अब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मुकेश को दोबारा ढूंढ निकाला और थाने में कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाई मामला उतई थाना इलाके का हैजानिए क्या है पूरा मामला जानकारी के मुताबिक? आरोपी की पहचान हर्ष साहू (25) निवासी स्टेशन मरोदा के रूप में हुई है उसे एनडीपीएस एक्ट के मामले में 2024 में जेल भेजा गया था? जहां वह करीब 17 महीने तक बंद रहा कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर बाहर आया है इस के बाद वह उतई थाने पहुंचा था इसी दौरान उसने थाने के बाहर निकलते हुए भोजपुरी गाने पर एक रील बनाई आज जेल? कल बेल और परसो फिर वही खेल गाने पर वीडियो शूट किया और इसे इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड कर दिया हालांकि, पुलिस का कहना है कि युवक कब और किस काम से आया था इसकी जानकारी नहीं है सोशल मीडिया पर यह वीडियो 12 अप्रैल को अपलोड किया गया है। एक दिन में ही इस वीडियो पर 47.8 हजार व्यू आ चुके हैं?सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आई और उसे पकड़कर थाने ले आई जहां उससे कान पकड़कर उठक-बैठक करवाई युवक को समझाइश देकर फिलहाल छोड़ दिया गया है?

## सेमरिया में डड़सेना कलार सिन्हा समाज का मंडल स्तरीय वार्षिक सम्मेलन आयोजित

# संगठन और सेवा से ही मजबूत होगा समाज : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर 13 अप्रैल।** सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल रविवार को छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में आयोजित मंडल स्तरीय वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज की एकजुटता, सेवा भाव और संगठन की शक्ति पर जोर दिया।



सांसद अग्रवाल ने कहा कि अक्सर लोग सोचते हैं कि समाज उनके लिए क्या कर रहा है, लेकिन समाज में विश्वास तभी बढ़ेगा जब समाज स्वयं अपने लोगों के लिए खड़ा होगा। उन्होंने कलार समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु हजार भुजाओं वाले हैं । समाज स्वयं को अगर हजार भुजाओं वाला मानता है, तो उसे उतनी ही सक्रियता से कार्य भी करना होगा।

उन्होंने समाज के विकास के लिए तीन प्रमुख प्राथमिकताओं पर विशेष बल दिया शिक्षा, विवाह और स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करना, जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग देना और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के इलाज की जिम्मेदारी उठाना ही सच्ची समाज सेवा है। जिस दिन समाज इन तीन क्षेत्रों में कार्य करना शुरू करेगा, उस दिन हर परिवार से लोग जुड़ेंगे और संगठन स्वतः मजबूत होगा।

आर्थिक सहयोग के महत्व को बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार मात्र 100 रुपये प्रतिमाह का योगदान दे, तो 5000 परिवारों से हर महीने 5 लाख रुपये और साल भर में 60 लाख रुपये का कोष तैयार हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि समाज के 5-10 युवाओं को इस कार्य के लिए नियुक्त किया जाए, जो नियमित रूप से घर-घर जाकर सहयोग राशि एकत्र करें।

सांसद अग्रवाल ने समाज भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल आयोजन स्थल न होकर समाज के विकास का केंद्र बने, जहां महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण, बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया जा सके।

# भीषण गर्मी से जल स्तर गिरा, पेयजल की समस्या, सूखते खेत, किसानों की बढ़ी चिंता

■ विधायक इन्द्र साव ने विभागीय अधिकारियों से शाखा नहर में पानी छोड़ने रखी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 13 अप्रैल।** आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार बढ़ते तापमान और पानी की कमी के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की बढ़ती लकीर को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भाटापारा शाखा नहर में अविलंब पानी छोड़ने की मांग की है। भाटापारा शहर सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का भीषण संकट पैदा हो गया है।शहर में जल स्तर इतने जल्दी नीचे चले गया है लोगो को गर्मी के इस शुरूआती माह में ही पानी की विकराल समस्या से जूझना पड़ा रहा है,वही खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी ना होने से उनकी खड़ी फसल को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है।



किसानों का कहना है कि इस समय फसलों को पर्याप्त पानी की जरूरत होती है, लेकिन तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण मिट्टी की नमी तेजी से खत्म हो रही है। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन नहीं हैं, उनकी फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के किसानों में चिंता की लकीर और नगरीय क्षेत्रों में भी तेजी से नीचे जाता जल स्तर को ध्यान में रखते हुए विधायक इन्द्र साव ने भाटापारा की जीवन दायिनी शाखा नहर में अविलंब पानी छोड़ने की मांग करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की है। विधायक श्री साव ने कहा कि मौसम में बदलाव नहीं होने और पर्याप्त मात्रा में पानी ना मिलने से किसानों के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

गांवों में कई किसान अब वैकल्पिक उपायों की तलाश में जुटे हैं, कई किसान तो सीमित पानी में सिंचाई, फसलों को बचाने के लिए जैविक उपाय अपनाने में लगे हुए है। विधायक इन्द्र साव ने चिंता जाहिर करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों की फसलों के खराब होने और शहर में पानी का जल स्तर ऊंचा करने जैसे समसामयिक विषयों को लेकर शाखा नहर में पानी अविलंब छोड़ने की मांग की है ताकि लोगों को किसानों को पानी की विकराल समस्या से कुछ हद तक निदान मिल सके और किसान अपनी फसल को बचा सके। विदित हो कि इस भीषण गर्मी ने खेती-किसानी पर संकट खड़ा कर दिया है और नगरीय क्षेत्र के लोगों में चिंता खड़ी कर दी है कि उन्हें पानी नहीं मिला तो इन दो महीनों में पानी को लेकर त्राहि त्राहि से इनकार नहीं किया जा सकता।

## एक नजर

### 'गांव चलो अभियान' के तहत जनसंवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

**रायपुर, 13 अप्रैल।** जिले के ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा देते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। ÷गांव चलो अभियान÷ के तहत क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए लगातार जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान ग्राम-सूरजगढ़ में लगभग 192.92 लाख रुपये की लागत से निर्मित सूरजगढ़-पड़िगांव से तेलीपाली सड़क का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात सरल व सुगम होगा। वहीं ग्राम टिनमिनी में 12 लाख रुपये की लागत से शेड तथा 5.20 लाख रुपये की लागत से विक्रम घर से स्कूल तक सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा अंजली सतपति को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नावापाली में 7.50 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसी क्रम में पड़िगांव में जगन्नाथ मंदिर के पास 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। साथ ही यहां 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा चौहान मोहल्ला में 10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। ग्राम गुडू में वार्ड क्रमांक 01 में 10 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया गया, वहीं 10.40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली एक अन्य सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने टिनमिनी सहित अन्य गांवों में गांव चलो अभियान के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इन कार्यों से न केवल बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्राम के सरपंच, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र मंडल में हुई गिग मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा और उत्थान पर संगोष्ठी

**रायपुर,13 अप्रैल।** गीग मजदूर यानी ओला, उबर, जोमेटो, रैपिडो, स्विगी, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे संस्थानों में कार्य करने वाले मजदूरों के जिन्हें कंपनियां अपना पार्टनर कहती है, लेकिन उनकी सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति उदासीन रहती है। गीग मजदूरों के लिए आयोजित आज की यह संगोष्ठी उनके पुर्नउत्थान का शंखनाद है। गीग मजदूरों को आज यूनियन की जरूरत हैं, क्योंकि एकता ही शक्ति है। उक्ताशय के विचार रविवार को महाराष्ट्र मंडल में आयोजित संगोष्ठी में भारतीय मजदूर संघ की अध्यक्ष शोभा सिंहदेव ने कहीं। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शोभा सिंहदेव ने कहा कि आनलाइन सेवाएं देने वाली कंपनियां आपको पार्टनर तो कहती है, लेकिन इस शब्द की आड में आपको बुनियादी सुविधाओं से दूर रखती है। इन्हीं सुविधाओं को उनसे लेने के लिए हमें संगठित रहना जरूरी है। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि संगठन की शक्ति है। उसी संगठन का परिणाम है कि आज केंद्र में मोदी की सरकार बैठी है। गीग वर्करों का एक बड़ा तंत्र देश में कार्य कर रहा है। वह हर व्यक्ति को आपको घर पहुंच सेवा देता है गीग वर्कर की श्रेणी में आता है, फिर यह जरूरी नहीं कि वह किसी बड़ी कंपनी से जुड़ा हो। चार नये श्रम कानून मजदूरों के हित में है। कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी ने कहा कि गीग वर्करों को अपने अधिकारों को जानना जरूरी है। आपको अब ई-श्रम में पंजीयन का अधिकार है। पहले यह अधिकार नहीं था। श्रमिक पंजीयन के तहत दो लाख रुपये का बीमा भी आपका अधिकार है। वहीं किसी कंपनी द्वारा आईडी ब्लाक कर देने पर कंपनी के विरुद्ध सुनवाई का भी आपको अधिकार है। अधिकार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी आपके कर्तव्य भी है। और आपका कर्तव्य है कि आप कंपनी को अपनी सही जानकारी दें। कंपनी के साथ होने वाले अनुबंध को अच्छे से पढ़े और समझे। इससे पूर्व स्वतंत्र श्रमिक शोधार्थी सुश्री शुभांगी शुक्ला ने कहा कि गीग की सेवा देश की अर्थ व्यवस्था के लिए जरूरी है।

# दृश्य कला प्रदर्शनी गौरा का आयोजन कला के क्षेत्र में मील का पत्थर है: गुरु खुशवंत

**रायपुर, 13 अप्रैल।** गौरा में आपका स्वागत है। यह प्रदर्शनी आने वाले सभी लोगों के लिए खुशी, प्रेरणा और चिंतन का स्रोत बने। छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित तीसरी दृश्य कला प्रदर्शनी 'गौरा' का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक महंत घासीदास संग्रहालय, राजभवन के निकट स्थित आर्ट गैलरी, रायपुर में किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर चार विशिष्ट अतिथि कलाकारों की सहभागिता भी रहेगी।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 अप्रैल 2026 को मुख्य अतिथि श्री गुरु खुशवंत, तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. चित्तरंजन कर , लेखक रायपुर और वेद प्रकाश भारद्वाज, दृश्य कलाकार, कला लेखक, क्यूरेटर और संपादक, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा किया जाएगा, जो इस अवसर को गौरवान्वित करेंगे। उद्घाटन के पश्चात प्रदर्शनी दर्शकों के लिए खुली रही।'गौरा' प्रदर्शनी समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम दर्शकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों की कृतियों को देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी।



श्री गुरु खुशवंत, तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि मैं छत्तीसगढ़ की जीवंत और विविध कलात्मक भावना के उत्सव, सीजीपीएजी की उद्घाटन प्रदर्शनी 'गौरा' में आपका स्वागत करता हूँ। यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसमें हमारे क्षेत्र के 100 प्रगतिशील कलाकार एक साथ आ रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य के कैनवास पर अपनी अनूठी दृष्टि और रचनात्मकता का योगदान दिया है।

डॉ. ध्रुव तिवारी -क्यूरेटर, छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप , रायपुर ने कहा कि कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही है। गौरा के माध्यम से हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ में मौजूद कलात्मक प्रतिभा के समृद्ध ताने-बाने को प्रदर्शित करना है, जो हमारे कलाकारों को अपनी कहानियों, सपनों और दृष्टिकोणों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी केवल कलाकृतियों का प्रदर्शन नहीं है। यह एक संवाद है, कलाकार और दर्शक के बीच एक वार्तालाप है, जो आपको व्यक्तिगत स्तर पर कलाकृतियों का पता लगाने, व्याख्या करने और उनसे जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है।घासीदास म्युजियम कला वीथिका रायपुर में की संगठनात्मक संरचना में डॉ. ध्रुव तिवारी -क्यूरेटर, जितेन साहू को-ऑर्डिनेटर, शांति तिर्की एसोसिएट को-ऑर्डिनेटर तथा अनिल खोबरागड़े, कोषाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यहाँ प्रस्तुत कृतियाँ हमारे कलाकारों के लचीलेपन, नवाचार और जुनून का प्रमाण हैं। वे हमारे समय के सार को पकड़ते हैं, उन विषयों को संबोधित करते हैं जो हमारी सामूहिक चेतना-पहचान, विरासत, पर्यावरण और मानवीय अनुभव के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। प्रत्येक कृति अपने निर्माता की आत्मा में एक खिड़की है, जो शब्दों से परे अंतर्दृष्टि और भावनाएँ प्रदान करती है। डॉ. ध्रुव तिवारी ने बताया कि जब आप 'गौरा' में आगे बढ़ते हैं, तो मैं आपको कलाकृतियों से न केवल दृष्टिगत रूप से बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। उन्हें आपसे बात करने दें, आपको चुनौती दें और आपको प्रेरित करें। कला में परिवर्तन लाने, विचार को उकसाने और समझ को बढ़ावा देने की शक्ति है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रदर्शनी आप में से प्रत्येक के भीतर कला के लिए जिज्ञासा और प्रशंसा की चिंगारी को प्रज्वलित करेगी, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और हमें परिभाषित करने वाली रचनात्मक भावना से गहरा संबंध बनाएगी। डॉ. ध्रुव तिवारीने कहा कि मैं उन सभी कलाकारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस प्रदर्शनी में अपने कामों का योगदान दिया है।

# भाटापारा शाखा नहर में गंगरेल बांध का पानी छोड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 13 अप्रैल।** भाटापारा शाखा नहर मे गंगरेल बांध का पानी छोडा गया ग्रीष्म ऋतु के चलते आम निस्तारी और पानी की समस्या को देखते हुए हर साल शाखा नहर मे पानी छोडा जाता है अभी जो पानी छोडा गया है वह नहर का पानी मोपका तक जा पहुंचा है वही नहर के इस पानी से ग्राम पंचायत मोपका के पांच छः तालाबो को निस्तारी के लिए भरा जायेगा वही तालाबों को पानी से भरे जाने के बाद यहां के सैकडो बोर पंपो मे भी पर्याप्त पानी आने लगेगा जो पिछले छः माह से बारिश व इस वर्ष कम बारिश के चलते बोर पम्पो का लेबल उतर चुका है और पानी की समस्या का सामना करना पड रहा है ।वहीं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शुरू से नहर मे पानी लाने के लिए गंभीर थे और उन्ही के सार्थक प्रयास से नहर मे पानी आया और मोपका सहित अन्य गांव भी इससे लाभान्वित हो रहे है ।इस संबंध मे ग्राम पंचायत मोपका के सरपंच डा. चेतन वर्मा का कहना है कि पूर्व की कांग्रेसी यह कहते नही थकते थे कि नहर मे पानी उनका सपना है लेकिन भाजपा के वरिष्ठ



नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से पानी आया वहीं दूसरी ओर बारिश के मौसम के साथ साथ गर्मी के सीजन मे भी समय समय पर नहर मे पानी दिया जाता है ।यहां 14 कि.मी. दूर मोपका पानी पहुंच चुका है वहीं पक्की नहर लाईनिंग हो जाने के बाद बारहमासी दो फसल क्षेत्र के किसान ले सकेंगे ,डा.वर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा ने इस शाखा नहर के लिए काफी कडा संघर्ष किया है और उसी का परिणाम आज देखने को मिल रहा है कि शाखा नहर मे पानी आया है।

## पीवीटीजी परिवारों के विकास के लिए मोबाइल एप से घर-घर सर्वे शुरू

**रायपुर,13 अप्रैल।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान शुरू किया है। इस मिशन का उद्देश्य 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 PVTG समुदायों को पक्का घर, स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना है। बिलासपुर जिले में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आधारभूत सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक परिवार तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत बिलासपुर जिले की 54 बसाहटों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय, मुख्यतः बैगा और बिरहोर का आधारभूत सर्वेक्षण कार्य शुरू हो गया है।

यह सर्वेक्षण आधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वेक्षण दल द्वारा प्रत्येक पीवीटीजी परिवार के घर-घर पहुंचकर सभी सदस्यों की विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस दौरान आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल कार्ड, टीकाकरण की स्थिति, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना का लाभ, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी संकलित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा विकसित 'सर्वे सेतु ऐप' के माध्यम से यह कार्य रियल टाइम लोकेशन के आधार पर किया जा रहा है, जिससे सर्वेक्षण की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो रही है। इस डिजिटल प्रक्रिया से न केवल आंकड़ों का त्वरित संकलन संभव हो रहा है, बल्कि भविष्य की योजनाओं के निर्माण में भी सहूलियत मिलेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने आज कुछ गांवों का दौरा कर सर्वे कार्य का अवलोकन किया।

# कृषि मंत्री नेताम ने वन शहीद स्मारक का किया लोकार्पण

**रायपुर,13 अप्रैल।** आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी कार्यालय परिसर में वन शहीद स्मारक का लोकार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आयोजित कार्यक्रम में वन शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि परिसर में निर्मित शहीद स्मारक उन वन कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन के दौरान नक्सलियों के हाथों अपने प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं विषम परिस्थितियों में वनों और पर्यावरण की सुरक्षा करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। वन कर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वन संपदा और वन्य प्राणियों की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि अवैध कटाई, वनाग्नि, अवैध कब्जा और अवैध शिकार जैसी गतिविधियों से वनों को लगातार खतरा बना हुआ है, ऐसे में वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने वन शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि वनों और पर्यावरण के कारण ही मानव जीवन संभव है, इसलिए इनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जंगलों पर आश्रित हैं, इसलिए वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा



कि वनाग्नि की घटनाओं से अनेक वनस्पतियां, औषधीय पौधे, जड़ी-बूटियां एवं वन्य प्राणी नष्ट हो रहे हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वनों की रक्षा के लिए आगे आएं और अवैध कटाई, अवैध कब्जा एवं वनाग्नि जैसी गतिविधियों को रोकने में सहयोग करें।

उन्होंने बढ़ती गर्मी के मौसम में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता बरतने तथा अमानवीय कृत्यों पर सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध वन संपदा का संरक्षण करे। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंह देव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर, वनमंडलाधिकारी श्री आलोक बाजपेयी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उद्योग मंत्री के जन्मदिन पर बधाई देने कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों का उमड़ा हुजूम

**रायपुर, 13 अप्रैल।** कोरबा नगर विधायक और छग शासन के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के जन्मदिन पर आज उनको बधाई देने कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों, विभिन्न समाज के सम्मानीय गणों के साथ आम लोगों में उत्साह नज़र आया। सुबह से ही मंत्री श्री देवांगन के कोहड़िया स्थित निवास पर बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इसके पश्चात मंत्री श्री देवांगन माँ सर्वमंगला की आरती पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के खुशहाली एवं प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन द्वारा रखे गए भंडारा में अधिक संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वृद्धजनों का शाल श्रीफल के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन टीपी नगर स्थित कार्यालय पहुंचे। जहां उनके अधिक संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री देवांगन का स्वागत कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने कहा कि सरल सहजता के धनी मंत्री श्री देवांगन आज आम जन मानस के साथ साथ नगर और जिले के कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं। कोई भी कार्यकर्ता अपनी किसी भी परेशानी के लिए मंत्री श्री देवांगन से सुलभता के साथ मिल सकता है। कोरबा के विकास को तेजी से जमीन पर उतारकर आज हर वर्ग और हर क्षेत्र के चहेते बन गए हैं। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महामाला के साथ मंत्री श्री देवांगन का अभिनंदन किया गया। मंत्री श्री देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर जमनीपाली और बालको में भी सामाजिक, धार्मिक और मंडल पदाधिकारियों द्वारा भव्यता के साथ स्वागत किया गया। एनटीपीसी गेट के सामने हनुमान मंदिर में मंदिर समिति एवं दर्री मंडल के पदाधिकारियों ने महामाला से स्वागत किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री कौशल देवांगन, श्री किशोर साहू, श्री अंजय अग्रवाल, श्री संजय कुर्मावंशी, श्री परविंदर सिंह सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। मंत्री श्री देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को शहर के सभी समाज के प्रमुख जनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाए दिया।

# उद्योग मंत्री ने अपने जन्म दिवस पर लघु व्यवसायियों को दी आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात

**रायपुर, 13 अप्रैल।** उद्योग मंत्री ने अपने जन्म दिवस पर लघु व्यवसायियों को दी आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात उद्योग मंत्री ने अपने जन्म दिवस पर लघु व्यवसायियों को दी आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर कोरबा के लघु व्यवसायियों को एक बड़ा तोहफा देते हुये उन्हें आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात प्रदान की है। अब सड़क के किनारे फुटपाथ आदि पर व्यवसाय करने वाले इन लघु व्यवसायियों को सुविधापूर्ण स्थाई दुकानें मिल चुकी हैं, अब उन्हें बार-बार दुकान हटा दिये जाने का डर भी नहीं सतायेगा तथा निश्चिंत हो कर अपने व्यवसाय का संचालन कर सकेंगे। इस अवसर पर लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की, वहीं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

यहाँ उल्लेखनीय है कि कोरबा शहर में काफी तादात में सड़क के किनारे फुटपाथ आदि में लघु व्यवसायियों द्वारा अपने छोटे-छोटे




व्यवसाय संचालित किये जा रहे हैं, किन्तु इन व्यवसायियों को सदैव स्थल से हटा दिये जाने का डर बना रहता है, वहीं दूसरी ओर इससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, आवागमन बाधित होता है, जहॉ एक ओर इन लघु व्यवसायियों को दुकानें हटा दिये जाने का भय बना रहता है, वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों, आमनागरिकों को भी असुविधा होती है, समय-समय पर इन व्यवसायियों को व्यवसाय प्रभावित होता है तथा उन्हें हर समय एक स्थाई स्थान की आवश्यकता बनी रहती है तथा उनका सपना रहता है कि उन्हें अपने व्यवसाय हेतु एक स्थाई ठिकाना मिल जाए। इन लघु व्यवसायियों के हितों के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार के सामने रोड की दूसरी ओर स्थित पार्किंग स्थल मैदान के किनारे-किनारे चारों ओर 53 दुकानों से युक्त वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है, इन दुकानों को इन्हीं लघु व्यवसायियों को आबंटित किया गया है व आबंटित किया जा रहा है। आज प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षीय उपस्थिति में उक्त वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे पिताजी एवं मैं स्वयं सड़क साईट में दुकान लगाकर व्यापार करते थे, अतः मैं रोड साईट में व्यवसाय करने वाले व्यवसायी बंधुओं के दुख दर्द से अच्छी तरह परिचित हूँ, मेरा संकल्प है कि रोड साईट व्यवसाय करने वाले व्यापारी भाईयों के हितों की सदैव रक्षा की जायेगी, जब तक उन्हें उनके व्यवसाय हेतु स्थाई ठिकाना उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक उन्हें स्थल से हटाया नहीं जायेगा। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुये कहा कि मेरे जन्म दिवस के अवसर पर आज यह पुन्य का कार्य करने का मौका महापौर के माध्यम से मुझे प्राप्त हुआ है, जिसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर लघु व्यवसायीबंधुओं को भी बधाई व शुभकामनायें दी तथा उनके व्यवसाय की सफलता तथा उनके लगातार प्रगति की कामना की।

# हरी खाद का उपयोग खेत की मिट्टी के किसी संजीवनी से कम नहीं

**रायपुर, 13 अप्रैल।** हरी खाद मिट्टी की उपजाऊ शक्ति, जैविक पदार्थ और नत्रजन (नाइट्रोजन) बढ़ाने के लिए उगाई जाने वाली दलहनी फसलें (जैसे- ढैंचा, सनई, मूंग, लोबिया) हैं, जिन्हें फूल आने से पहले खेत में ही जोतकर मिला दिया जाता है। यह मृदा की संरचना सुधारती है, नमी बनाए रखती है और रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर लागत घटाती है। हरी खाद का उपयोग मिट्टी के लिए किसी जीवनदायिनी संजीवनी से कम नहीं है।उर्वरता तेजी से घट रही धरती जो कभी सोना उगलती थी, आज थकान से बोझिल दिखने लगी है। रासायनिक उर्वरकों की अंधाधुंध दौड़ और लगातार सघन खेती ने मिट्टी की सेहत को भीतर तक कमजोर कर दिया है। ऐसे समय में कृषि विभाग ने किसानों के सामने एक सरल, सस्ता और टिकाऊ उपाय रखा है, हरी खाद, जो सिर्फ खेती नहीं, बल्कि धरती के पुनर्जन्म की कहानी लिख सकती है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे इस खरीफसीजन से ही हरी खाद को अपनाएं। विभाग का मानना है कि बढ़ती जनसंख्या और घटते जोत रकबा के कारण किसान एक ही खेत पर बार-बार खेती करने को मजबूर हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता तेजी से घट रही है। जैविक कार्बन और जरूरी पोषक तत्वों की कमी अब साफ दिखाई देने लगी है। हरी खाद केवल विकल्प नहीं, बल्कि टिकाऊ खेती की दिशा में निर्णायक कदम है। यह मिट्टी को पुनर्जीवित करने का सबसे सस्ता और प्रभावी माध्यम है। आज जब खेती लागत के बोझ तले दब रही है और मिट्टी अपनी ताकत खो रही है, तब हरी खाद उम्मीद की वह हरियाली है जो धरती को फिर से जीवंत कर सकती है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरी खाद उन फसलों को कहा जाता है जिन्हें खेत में उगाकर हरी अवस्था में ही मिट्टी में मिला दिया जाता है। ढैंचा, सन, मूंग, उड़द, लोबिया, बरसीम जैसी दलहनी फसलें इसमें प्रमुख हैं। इनकी जड़ों में मौजूद राइजोबियम जीवाणु हवा से नाइट्रोजन लेकर मिट्टी में जमा करते हैं, ठीक वैसे ही जैसे किसान महंगे यूरिया से करता है। हरी खाद का उपयोग मिट्टी के लिए किसी जीवनदायिनी संजीवनी से कम नहीं है। हरी खाद से मिट्टी में नाइट्रोजन की पूर्ति होती है, फास्फोरस की घुलनशीलता बढ़ती है, जिंक, आयरन, कॉपर जैसे सूक्ष्म तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है। इसके अलावा मिट्टी की संरचना में सुधार, भुरभुरापन, नमी धारण क्षमता में वृद्धि और खरपतवार व कीटों पर प्राकृतिक नियंत्रण भी मिलता है।

## एक नजर

### महिला आरक्षण विधेयक पर 'मॉक पार्लियामेंट' का आयोजन किया



**रायपुर, 13 अप्रैल।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत, माई भारत छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर 'बजट क्रेस्ट 2026' के अंतर्गत महिला आरक्षण विधेयक पर एक 'मॉक पार्लियामेंट' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 40 युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो राष्ट्रीय विकास में महिलाओं की भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जिन क्षेत्रों और सेक्टरों का नेतृत्व महिलाएं करती हैं, उनका विकास दोगुनी गति से होता है; उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रिया और शासन-प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी के अत्यंत महत्व को रेखांकित किया।राजीव गांधी भूजल राष्ट्रीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक श्री रंजन कुमार जी ने सभी प्रतिभागियों को मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देकर सभी का स्वागत किया। माई भारत छत्तीसगढ़ के राज्य निदेशक, श्री अर्पित तिवारी ने 'बजट क्रेस्ट 2026' की रूपरेखा प्रस्तुत की, और इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार युवाओं के नेतृत्व वाली गतिविधियां राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्माण और शासन-प्रशासन में अधिकाधिक रूप से परिलक्षित हो रही हैं। मॉक पार्लियामेंट की कार्यवाही के दौरान, महिला एवं बाल विकास मंत्री की भूमिका निभाते हुए एक युवा प्रतिनिधि ने सदन में महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया।

### एनएसई ने शुरू किया ऑर्डर एक्नॉलेजमेंट

**रायपुर, 13 अप्रैल।** वॉल्यूम के आधार पर दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव्स एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया (एनएसई) ने 11 अप्रैल, 2026 से करंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स, कैश (कैपिटल मार्केट) और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में अपना 'इमीडिएट एक्नॉलेजमेंट' फीचर लागू कर दिया है। इसके जरिए अब ऑर्डर का एक्नॉलेजमेंट नैनोसेकंड में मिल रहा है, जो पहले के लगभग 100 माइक्रोसेकंड के सिस्टम रिस्पॉन्स टाइम से काफी तेज है। यह उपलब्धि एनएसई के ट्रेडिंग सिस्टम में एक बड़ा और अहम् सुधार दर्शाती है, जो भारत को ग्लोबल एक्सचेंज टेक्नोलॉजी में और मजबूत बनाती है। साथ ही, यह एक्सचेंज की पारदर्शी, तेज और विश्वस्तरीय कैपिटल मार्केट सिस्टम बनाने की प्रतिबद्धता को भी आगे बढ़ाती है।

# रेरा चेयरमैन संजय शुक्ला की संपत्ति की पीएमओ ने दिए जांच के आदेश

**रायपुर, 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी संजय शुक्ला एक बड़े कानूनी संकट में घिरते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोपों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश जारी किए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

भाजपा नेता और अधिवक्ता नरेश चंद्र गुप्ता की शिकायत के अनुसार, संजय शुक्ला पर पद का दुरुपयोग कर 300 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्ति बनाने का आरोप है।शुक्ला पहले से ही नवा रायपुर के श्री रावतपुरा मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के लिए 55 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई की चार्जशीट में नामजद हैं।

### पीएमओ का सख्त एक्शन

पीएमओ ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सीबीआई की चार्जशीट और अब पीएमओ के सीधे हस्तक्षेप के बाद, राज्य के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि शुक्ला अपने पद पर बने रहते हैं, तो वे साक्ष्यों को प्रभावित कर सकते हैं। अब देखना यह होगा कि केंद्र सरकार की इस सख्ती के बाद राज्य शासन उन पर क्या कार्रवाई करता है।




### मुझे जानकारी नहीं : संजय शुक्ला

इस पूरे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रेरा चेयरमैन संजय शुक्ला ने कहा, पीएमओ में मेरे खिलाफक्या शिकायत की गई है, फिलहाल मुझे इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

### जांच के घेरे में अन्य दिग्गज भी

शिकायत में केवल संजय शुक्ला ही नहीं, बल्कि पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व रेरा चेयरमैन विवेक ढांढ का नाम भी शामिल है। आरोप है कि प्रभावशाली पदों पर बैठे इन अधिकारियों ने पूर्व में शुक्ला के खिलाफहुई शिकायतों को दबाने और उन्हें विभागीय जांच से बचाने में मदद की थी।

### पीएमओ का विशेष निर्देश

प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जांच की प्रगति और की गई कार्रवाई की पल-पल की जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

# दिल्ली से कूरियर के जरिए रायपुर में 'ओसियन ग्रो गांजा' की सप्लाई

## तस्कर गिरफ्तार, बड़ा नेटवर्क बेनकाब

**रायपुर, 13 अप्रैल।** रायपुर में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कटोरा तालाब के पास की गई, जहां पुलिस ने पहली बार 'ओसियन ग्रो गांजा' नाम के विशेष प्रकार के मादक पदार्थ के साथ आरोपी को पकड़ा है। इस मामले से शहर में सक्रिय एक संगठित ड्रग नेटवर्क के संकेत मिले हैं।

पुलिस को 11 अप्रैल को सूचना मिली थी कि इलाके में एक युवक गांजा बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रितिक पसरिचा (26) के रूप में हुई, जो मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है और फिलहाल रायपुर के मोवा इलाके में रह रहा था।

तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से अलग-अलग पैकेट में गांजा और 'ओसियन ग्रो गांजा' बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से नकदी, महंगा मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और पैकिंग सामग्री भी जब्त की है। बरामद मादक पदार्थ और अन्य सामान की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने एक साथी के साथ मिलकर दिल्ली से कुरियर के जरिए नशे का सामान मंगवाता था और फिर उसे रायपुर में सप्लाई करता था। इस खुलासे के बाद पुलिस अब उस पूरे नेटवर्क की तलाश में जुट गई है, जो इस कारोबार से जुड़ा हुआ है।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। साथ ही कुरियर सेवा से जुड़े लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि सप्लाई चेन के अन्य लिंक तक पहुंचा जा सके।

# मीडिया कॉलोनी में आधी रात गाड़ियों में तोड़फोड़



**रायपुर, 13 अप्रैल।** रायपुर के सोनडोंगरी स्थित मीडियाकर्मी आवासीय परिसर में 12 तारीख की देर रात करीब 1 बजे दो असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों को गिराकर तोड़फोड़ की गई, एक ठेला पलट दिया गया और एक घर में ईंट फेंककर दहशत फैलाने की कोशिश की गई। रात में कूलर और पंखों की आवाज के कारण रहवासियों को घटना की भनक नहीं लगी, लेकिन सुबह नुकसान सामने आने पर कॉलोनी में आक्रोश फैल गया।

सीसीटीवी फुटेज में दो युवक पूरी वारदात को अंजाम देते साफ नजर आ रहे हैं। रहवासियों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# क्रीड़ा से चरित्र निर्माण और चरित्र से राष्ट्र निर्माण

**रायपुर, 13 अप्रैल।** खेलों के माध्यम से समाज में अनुशासन, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समर्पित अग्रणी संस्था 'क्रीड़ा भारती' द्वारा आज एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने क्रीड़ा भारती के गौरवशाली इतिहास और इसके दूरदर्शी उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

विदित हो कि क्रीड़ा भारती की स्थापना वर्ष 1992 में महाराष्ट्र के पुणे में हुई थी। तब से लेकर आज तक यह संस्था अपने मूल मंत्र ÷क्रीड़ा से निर्माण चरित्र का, चरित्र से निर्माण राष्ट्र का÷ को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का मानना है कि एक स्वस्थ और अनुशासित खिलाड़ी ही एक सशक्त राष्ट्र का आधार बन सकता है।

समाज में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना और खेल संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है। आधुनिक खेलों के साथ-साथ भारत के पारंपरिक और ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना ताकि हमारी विरासत सुरक्षित रहे। देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रखने हेतु योग का व्यापक प्रचार-प्रसार करना। युवाओं में खेलों के माध्यम से अनुशासन, धैर्य और अटूट राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें उचित मंच प्रदान करना है। क्रीड़ा भारती का लक्ष्य केवल खिलाड़ी तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करना है जो शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ हों और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें।



# आलोक शर्मा ने विप्र कॉलेज को दिया दो लाख रुपए का दान

**रायपुर, 13 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की शिक्षा विभाग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आलोक शर्मा एवं गायत्री शर्मा ने अपने पिता सतानंद शर्मा (सेमरा वाले) की स्मृति मैं ?2 लाख की दान राशि दी है। आलोक शर्मा ने बताया कि लगभग 30 से अधिक वर्षों तक छत्तीसगढ़ के शिक्षा महाविद्यालय में कार्य करने के उपरांत शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत पश्चात इतने वर्षों तक शिक्षकों को प्रशिक्षित करके संतोष होता है कि ये शिक्षक आने वाले देश के भविष्य को तैयार कर रहे हैं।आज अपने पिता स्वर्गीय सतानंद शर्मा की स्मृति में उत्कृष्ट एवं मेधावी विद्यार्थियों को योग्य शिक्षक बनाने के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग करके खुशी महसूस हो रहा है।शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि विप्र महाविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विप्र समाज के सदस्य आलोक शर्मा द्वारा प्राप्त यह सहयोग प्रबंध समिति और शिक्षकों को और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र समाज के सदस्यों द्वारा प्राप्त दान की राशि से प्रबंध समिति प्रतिवर्ष शिक्षा, शारीरिक शिक्षा,विज्ञान, कंप्यूटर एवं वाणिज्य संकाय के मेधावी एवं उत्कृष्ट लगभग 25 से 30 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग प्रदान करती है।इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य सुबीर तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## पुलिस के प्रहार से अपराधियों में हड़कंप

**रायपुर, 13 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के पश्चिम क्षेत्र में अपराध की जड़ें खोदने और अपराधियों के मन में कानून का डर बिठाने के लिए पुलिस ने आज गुंडा बदमाशों की परेड, बीएसयूपी कॉलोनी की चेकिंग एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कड़ा संदेश दिया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम क्षेत्र) के कड़े तेवरों के बाद, पूरे क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध एक सघन और निर्णायक अभियान छेड़ा गया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम क्षेत्र) संदीप पटेल और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम क्षेत्र) राहुल देव शर्मा के जमीनी पर्यवेक्षण में, पश्चिम क्षेत्र के सभी थानों–पुरानी बस्ती, डी.डी. नगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेन्द्र नगर, मुजगहन और टिकरापारा–में एक साथ कार्रवाई की गई। 85 से अधिक सूचीबद्ध निगरानी बदमाशों और चाकूबाजों को थानों में तलब कर उनकी कड़ी परेड ली साथ ही पुलिस ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि अपराध की राह नहीं छोड़ी, तो सलाखों के पीछे ही उनकी जगह होगी। अभियान के दौरान सक्रिय पाए गए 03 आदतन बदमाशों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने की तैयारी की गई। ड्रोन की मदद से संकरी गलियों और संदिग्ध ठिकानों की निगरानी की गई, जिससे अपराधियों में यह संदेश गया है कि अब वे पुलिस की नजरों से छिप नहीं पाएंगे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है। रायपुर की शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के आकस्मिक अभियान और तकनीकी निगरानी भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# नियमितीकरण के वादे को कब पूरा करेगी सरकार

**रायपुर, 13 अप्रैल।** दैनिक वेतनभोगी और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव मे अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा भाजपा ने किया था लेकिन अब वह अपने वादे को भूल गयी है।भाजपा सरकार की वादाखिलाफी उच्च न्यायालय में एक बार फिर उजागर हुई है। 100 दिन के भीतर नियमितीकरण का वादा था सवा दो साल बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ के दैनिक वेतन भोगी और अनियमित कर्मचारी ठगे जा रहे हैं। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में सुनवाई के दौरान स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकारी संवैधानिक नियोक्ता है और गरीब कर्मचारियों के दम पर अपना बजट संतुलित नहीं कर सकती। जो लोग बुनियादी और महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को संभाल रहे हैं उनके हित में सहानुभूति पूर्वक विचार कर चार महीने के भीतर निर्णय लेने के कठोर निर्देश जारी किया गया है। भाजपा सरकार की नीयत नहीं है कि अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए और इसीलिए आउटसोर्सिंग के जरिए काम लेकर नियमित नियुक्तियों से बचने का कुत्सित प्रयास भाजपा की सरकार हर विभाग में कर रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने कर्मचारियों के हर वर्ग को ठगा है पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना पुनः लागू किया नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों के हक का काटा गया पैसा लगभग 30 हजार करोड़ रूपया केंद्र की एजेंसी ने वापस नहीं लौटाया, डीए के एरियर्स के लिए प्रदेश के 5 लाख सरकारी कर्मचारी लगातार आंदोलित है। रसोईया बहनें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी, कोटवार संघ, पंचायत सचिव, पटवारी, विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, प्लेसमेंट आउटसोर्सिंग कर्मचारी इस सरकार में शोषण के शिकार हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के नियमित कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी पर उतर आयी है। 47000 स्कूल सफाई कर्मचारी, 13,000 रसोइए, डीएड बीएड अभ्यर्थी सड़क पर हैं, बिजली विभाग के 12 हजार से अधिक कर्मचारी कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन वादा करके भी उन्हें नियमित नहीं कर रही है सरकार।

**कार्यक्रम** | **भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान का आयोजन**

# भाजपा गांव, गरीब और किसान की पार्टी : अशोक बजाज

**रायपुर, 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भाजपा गांव, गरीब और किसान की पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार गांव के विकास तथा ग्रामीणों के उत्थान के लगातार प्रयास कर रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत किसानों का धान 2500 रूपये में खरीदा जा रहा है इसी प्रकार पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रति माह 1000 रूपये प्रदान किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना चला रही है। ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास÷ के मंत्र के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, उजाला योजना और जन धन योजना से ग्रामीण परिवार लाभान्वित हो रहें है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य सभी ग्रामीण घरों को नल कनेक्शन के माध्यम से विशुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। श्री बजाज ने कहा कि ग्रामीण आजीविका और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और मिशन अंत्योदय जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जो ग्रामीण भारत के समग्र विकास के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




गांव चलो अभियान के तहत चौपाल में बजाज ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों का सम्मान किया तथा कार्यकर्ताओं के साथ अनेक हितग्राहियों के घर भी गए।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनिल अग्रवाल, ग्राम पंचायत नायकबांधा की सरपंच भारती साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे, नगरपालिका परिषद अभनपुर के पूर्व अध्यक्ष कुंदन बघेल, नगरपालिका परिषद अभनपुर के पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री सूरज साहू, गौरव शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रोहित कुर्रे, सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चेतना गुप्ता, शारदा साहू, नवापारा मंडल के पूर्व महामंत्री नवल साहू, आईटी सेल जिला संयोजक हितेश मंडई, नवापारा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक नागवानी नवापारा, पूर्व सोशल मीडिया जिला प्रभारी वरुण राठी, भाजयुमो अभनपुर के मंडल अध्यक्ष सागर साहू, भाजयुमो मंडल महामंत्री समीर यदु, कान्हा गोस्वामी, पूर्व एल्डरमैन व राष्ट्रीय मछुआरा संघ के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष हेमंत तारक, पटेल समाज के जिला अध्यक्ष व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक ईश्वर पटेल, टुकेश्वर बांधे, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी नान्हे धृतलहरे, पूर्व बूथ अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व बूथ अध्यक्ष पंचराम ओगरे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डॉ दिनेश साहू, उमेश्वरी साहू, कुंती साहू व सैंकड़ों

# सरकार की दुर्भावना से शिक्षा के स्तर में गिरावट : कांग्रेस

**रायपुर, 13 अप्रैल।** भाजपा सरकार पर शिक्षा की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार की दुर्भावना के कारण ही छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, राष्ट्रीय एजेंसी आंकड़ों में एकीकृत जिला सूचना प्रणाली के द्वारा जारी रिपोर्ट में वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ देश में नीचे से तीसरे क्रम पर है, जो इस सरकार के लिए शर्मनाक है, भाषा का स्तर -3 और विज्ञान का -5 है, स्कूलों में नियमित शिक्षकों की भर्तियां रोक दी गई है, अधिकांश स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, 5 हजार से ज्यादा कन्या शाला जहां पर बेटियां पढ़ती हैं वहां पर शौचालय नहीं होने की बात हाल ही में उच्च न्यायालय में उजागर हुआ, बिल्डिंगों की मरम्मत नहीं होने से क्लासरूम जर्जर हो गए हैं, अधिकांश स्कूलों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं है, शिक्षकों से कभी कुत्ते गिनवा रहे, कभी मवेशी, एसआईआर ड्यूटी के बाद अब जनगणना, पेपरलिक के मामले में यह सरकार बदनाम हो चुकी है, 12 वी हिंदी का पर्चा 3 दिन पहले वॉट्सएप पर घूमता रहा, प्राइमरी मिडिल के प्रश्न पत्र कोरे निकल रहे थे, भाजपा की सरकार में शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार के रवैए से प्रतीत होता है कि ये विभाग नहीं वसूली गिरोह चला रहे हैं, पिछले शिक्षण सत्र के छात्रवृत्ति की राशि अब तक छात्रों को नहीं मिली है, किताब, गणवेश और साइकिल योजना केवल कागजों पर है क्योंकि भाजपा सरकार का फोकस विद्यार्थियों के कल्याण के बजाय भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में है। 50 हजार की टीवी 10 लाख में, 10 करोड़ का जंबूरी घोटाला, तेरहवीं घोटाला, फर्नीचर खरीदी घोटाला, कुकर खरीदी घोटाला, युक्तियुक्तकरण के नाम पर भयादोहन सर्वविदित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ में गरीब बच्चों को समुचित शिक्षा मिल सके, शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश की संख्या घटाई जा रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26